# एक्सप्रेस-वे पर लोडर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

## तीर्थक्षेत्र के दर्शन करने आ रहे थे दोनों, बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर टोल प्लाजा के पास हुआ हादसा

संवाददाता, भरतकूप (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर मंगलवार देर शाम लोडर की टक्कर से बाइकसवार दो युवकों की मौत हो गई। ये लोग तीर्थक्षेत्र के दर्शन करने आ रहे थे। बताया जाता है कि लोडर ने इनकी बाइक पर पीछे से टक्कर मारी, जिससे एक युवक की मौके पर और दूसरे की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।


घायल शिक्षक।

तिंदवारी निवासी राहुल गुप्ता (23) पुत्र विजय पाल अपने मित्र अजयराज मिश्र (28) पुत्र प्रदीप मिश्र के साथ मंगलवार को तिंदवारी से चित्रकूट आ रहे थे। देर शाम एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा के पास एक लोडर ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे एक युवक ने मौके पर दम तोड़ दिया। दूसरे की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। पुलिस ने युवकों के मोबाइल से परिजनों को सूचना दी तो हाहाकार मच गया।

**नंबर पता, दर्ज कराएंगे रिपोर्ट:** मृतक के परिजन अनुज कुमार ने बताया कि लोडरचालक की लापरवाही की वजह से युवकों की जान गई है। सीसीटीवी फुटेज में भी यही सामने आया है। वाहन का नंबर नोट कर लिया गया है। इसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराएंगे।


घायल शिक्षक की पत्नी और बेटी।

### इसी साल होनी थी शादी

राहुल के पिता ने बताया कि वह अपने चार भाइयों में सबसे छोटा और लाड़ला था। इसी साल उसकी शादी के लिए रिश्ते देखे जा रहे थे। घर में उसकी शादी की चर्चा रहती थी। अचानक हुए हादसे ने घरवालों की आशाओं पर तुषारापात कर दिया। उनका रो-रो कर बुरा हाल है।

### अजय को है एक बेटा

अजय राज भी अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था। पिता ने बताया कि लगभग पांच साल पहले उसकी शादी हुई थी। वह एक कंपनी में नौकरी करके परिवार का पेट पालता था। उसके एक बेटा है।


पोस्टमार्टम हाउस में बैठे मृतकों के परिजन। अमृत विचार

### वाहन की टक्कर से शिक्षक गंभीर रूप से घायल

**राजापुर।** बच्चों को पढ़ाकर घर लौट रहे बाइकसवार शिक्षक को तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने टक्कर मार दी। काफी देर तड़पने के बाद लोगों ने उनको एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उनको प्रयागराज रिफर किया गया है। मूल रूप से ढोलबजा निवासी नरोत्तम प्रसाद पुत्र भगवानदीन उच्च प्राथमिक विद्यालय भभेंट में सहायक अध्यापक हैं। वह राजापुर में सपरिवार रहते हैं। बुधवार को विद्यालय में छुट्टी होने के बाद वह बाइक से घर लौट रहे थे। अपराह्न लगभग तीन बजे राजापुर- छीबों तिराहे के पास राजापुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने इनकी बाइक को जोरदार टक्कर मारी। इससे इनके दोनों पैर टूट गए और सिर पर गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों ने कस्बे के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पाकर कई शिक्षक व पत्नी रश्मि देवी बेटी के साथ अस्पताल पहुंची। पुलिस को सूचना दी गई। क्राइम इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने अस्पताल पहुंचकर जानकारी ली। बताया कि शिक्षक की पत्नी ने तहरीर दी है। बताया कि चारपहिया वाहन व चालक को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। उधर, चिकित्सक ने शिक्षक की हालत गंभीर होने पर प्रयागराज रिफर कर दिया।

## ढाबे में की तोड़फोड़ युवक को पीटा

**चित्रकूट।** अराजक तत्वों ने छुट्टी के दिन ढाबे में खाना मांगा। न देने पर तोड़फोड़ की। ढाबा मालिक के भाई ने कोतवाली में तहरीर दी है। मारपीट से घायल युवक को चिकित्सकों ने प्रयागराज रेफर किया है।

शत्रुघ्नपुरी निवासी सुरेंद्र कुमार सिंह उर्फ सनी ने बताया कि उसके भाई नरेंद्र का देवांगना रोड पर हवेली नाम से ढाबा है। 25 मार्च को होली पर वह ढाबे पर उसे छोड़कर गांव खांच, रुख्मा बुजुर्ग चला गया था। शाम को अहिरनपुरवा निवासी तीन युवक गढ़ीवा निवासी तीन युवकों और लगभग 10 अज्ञात लोगों के साथ पहुंचे। ये लोग लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी लिए थे। सुरेंद्र का आरोप है कि इन लोगों ने बंद ढाबे का दरवाजा खटखटाया। जब उसने खोलने से इंकार किया तो इन लोगों ने दरवाजा तोड़ दिया। उससे खाना बनाकर देने को कहा। उसके असमर्थता जताने परइन लोगों ने ढाबे में तोड़फोड़ की और 27,760 रुपये, ट्रैक्टर की चाबी, दो सिलेंडर, दो मोबाइल, चेन आदि लूट ली। उसे जमकर मारापीटा और पुलिस में शिकायत करने पर मारने की धमकी दी। बताया कि पिटाई से उसके गंभीर चोटें आई हैं। उसने किसी तरह भाई को सूचना दी तो उसने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे प्रयागराज रिफर कर दिया गया। उसने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गुहार की है।

# परिवार के जैसी खुशी मिली तो वृद्धों के चेहरों पर छाई मुस्कान

- समाजसेवियों, अफसरों ने साथ मनाया होली का त्योहार
- अफसर बोले-बुजुर्गों को यहां रखने के दोषी हैं युवा दंपति

संवाददाता, भरतकूप (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में बुधवार को समाजसेवियों और अधिकारियों ने वृद्धजनों के साथ होली खेली। होली गीत गाए गए और अबीर-गुलाल लगाकर फल, मिष्ठान वितरित किया गया। इससे एकाकी जीवन व्यतीत कर रहे वृद्धजनों के चेहरे पर मुस्कान छा गई। अफसरों ने चिंता जताई कि अपने युवा बच्चों की वजह से ये बुजुर्ग इस तरह आश्रम में रहने को मजबूर हैं। यह बाद शर्मनाक है, युवा दंपतियों को सोचना चाहिए।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने खुद को भाग्यशाली कहा कि विभाग के माध्यम से इनकी सेवा करने का मौका मिला। जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी ने बुजुर्गों की हालत के लिए उनके परिजनों को दोषी ठहराया। कहा कि जो बुजुर्ग कभी अपने घर के मुखिया होते थे आज यहां आश्रम में है। इसके लिए दोषी कौन है, क्या यही हमारा भविष्य है? उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि वे यहां पूरी तरह से स्वस्थ एवं सुखी हैं। सभी के चेहरों पर खुशी साफ जाहिर होती है।


वृद्धजनों के साथ होली का त्योहार मनाते अफसर और समाजसेवी। अमृत विचार

उपायुक्त मनरेगा धर्मजीत सिंह ने कहा कि बुजुर्गों को परिवार वालों को इस हालात में नहीं छोड़ना चाहिए। माता-पिता और गुरु पूजनीय होते हैं। हमें इनका अनादर नहीं करना चाहिए पर ऐसा हो रहा है जो अति चिंतनीय है। उपायुक्त एनआरएलएम ओपी मिश्रा ने कहा कि वह पहली बार वृद्धाश्रम आए हैं। यहां पर इतने वृद्धजनों को देखकर हैरान हैं।

चिंता जताई कि आज युवाओं की सोच बदलती जा रही है। घरों में सम्मान नहीं मिलने पर ये बुजुर्ग मजबूरीवश इस तरह के आश्रमों का सहारा ले रहे हैं। युवाओं की सोच व्यवहार बुजुर्गों के प्रति ठीक नहीं और यह चलन 15-20 वर्षों से लगातार बढ़ता जा रहा है।

आरईएस विभाग के चितरंजन सिंह ने सभी बुजुर्गों को आश्वासन दिया कि वे जो भी आदेश करेंगे, क्षमतानुसार हर हाल में पूरा करेंगे। सेवा भारती के जिलाध्यक्ष गुरु प्रकाश शुक्ला, जिला महामंत्री राजकिशोर शिवहरे व कर्मचारी मौजूद रहे। आत्मीयता पाकर वृद्धजनों की आंखों में आंसू आ गए।

## बतकही

### ...आदमी को भी मयस्सर नहीं इंसां होना

फलाने के चेहरे पर लगा रंग अभी भी उतरा नहीं था। कान और मुंह पर लगा रंग यह गवाही देने के लिए काफी था कि उसने जीभर के होली खेली है। बेंच पर बैठे फलाने की पीठ पर धौंस जमाते हुए मैंने कहा, और यार फलाने, अभी तक होली के रंग में डूबे हो। हां यार... फलाने बोला, अभी तक रंग का खुमार बरकरार है। तुमको तो मालूम ही है कि जहां अपने यहां होलिका दहन के बाद होली खेली जाती है तो मऊ समेत कई गांवों में अगले दिन होली खेलने की परंपरा है। अच्छा तो तुम वहां भी गए थे होली खेलने... मैंने पूछा तो फलाने ने कहा, हां यार जाना पड़ता है। वहां भी जान-पहचान वाले लोग हैं, जो बुलाते हैं तो जाना पड़ता है। यार होली का त्योहार ही ऐसा है... मैंने उसकी हां में हां मिलाई... जिसमें लोगों का अपनापा झलकता है और त्यौहार ही होते हैं जब लोग मिल पाते हैं। हां, सही कह रहे हो, फलाने ने भी जैसे अपनी ही बात पर मुहर लगा दी हो...। वो गुझिया, जो साल में और कभी बने तो उतना स्वाद नहीं आता, जितना होली में खाने में आता है। त्योहारों की बात ही अलग है। पर...। फलाने कुछ कहते कहते रुक गया तो मैंने उसे टोका, पर क्या फलाने। अरे यार गांव देहात में अभी भी उतनी जागरुकता नहीं आई, जितनी होनी चाहिए। क्यों क्या हुआ...फलाने ने मानो विषय बदल दिया था और इसी वजह से मैने उत्सुकता से पूछा। अरे यार, कई जगहों पर जरा जरा सी बात में मारपीट हो गई और रंग में भंग हो गया...। एक गांव में तो डीजे में नाचने को लेकर ही लड़ाई हो गई और मामला थाने तक जा पहुंचा। एक जगह एक लड़की के किसी शोहदे ने रंग डाल दिया तो बात बिगड़ गई। होली को लोग कैसे बदरंग कर देते हैं। आदमियत भूल जाते हैं। वो त्योहार, जो हमें पास लाता है, जरा सी गलती से दूर कर देता है...बस कि दुश्वार है हर काम का आसां होना, आदमी को भी मयस्सर नहीं इंसां होना।

## आग से गरीब की घर गृहस्थी राख

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** एक गरीब के कच्चे घर में आग लगने से उसकी गृहस्थी जलकर राख हो गई। जानकारी के मुताबिक, तहसील अंतर्गत माराचंद्रा निवासी नत्थू यादव अपनी पत्नी चुनकनिया व बच्चों के साथ कच्चे घर में रहता था। बुधवार को अज्ञात कारणों से उसके घर में आग लग गई। धू धूकर जलते घर को देख बदहवास दंपति और बच्चों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की पर तबतक देर हो चुकी थी।

जबतक लोगों की मदद से आग बुझाई जाती, उसका घर और गृहस्थी का सामान, कपड़े, बिस्तर राख हो गए थे। बहिलपुरवा थाना प्रभारी रामसिंह ने बताया कि सवा तीन बजे के आसपास उनको सूचना मिली थी और वह पंद्रह मिनट के अंदर पहुंच गए थे। फायर ब्रिगेड के वहां न पहुंच पाने की वजह से ट्यूबवेल की मदद से आग पर काबू पाया गया।

# टंकी की काट दी पाइप लाइन, जलापूर्ति बाधित

संवाददाता,कार्यालय,चित्रकूट

**अमृत विचार।** अराजक तत्वों ने टंकी की पाइप लाइन काट दी और अब ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं। थक हारकर अब इन लोगों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर गुहार लगाई है।

गर्मी में ग्रामीण इलाकों में वैसे ही पानी की किल्लत हो जाती है। कई जगहों पर अराजक तत्वों की वजह से भी लोग पानी के लिए परेशान होते हैं। ददरी माफी के छीतूपुर मजरे में भी यही हाल है। यहां पानी की टंकी में एक नलकूप से जल संचय कर पाइप लाइन के सहारे घरों में जलापूर्ति किए जाने की व्यवस्था है। किसी ने पाइप लाइन ही काट दी। इससे जलापूर्ति बाधित हो गई और टंकी के नीचे कीचड़ भी हो रहा है। यहां के नारेंद्र, रोहित, कुलदीप, मनोज कुमार, धीरज सिंह, अयोध्या प्रसाद, ओमप्रकाश, संतराम, फूलचंद्र, राजकुमार, अमित आदि ने इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र भेजकर मामले की जानकारी दी है। ग्रामीणों ने बताया है कि गांव में टंकी से जुड़ी पाइप लाइन के सहारे कई घरों में पानी आता है। आरोप लगाया कि किसी ने इसे नुकसान पहुंचाया है, जिससे पानी घरों में नहीं पहुंच रहा है। परेशान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से गुहार की है कि जल्द से जल्द पाइपलाइन दुरुस्त कराकर जलापूर्ति सुचारु कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दें।


इसी टंकी के सहारे हैं मजरे के बाशिंदे।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाई

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** ललपुरा थाना क्षेत्र के स्वासा बुजुर्ग में पत्नी से विवाद होने के बाद युवक ने युवक की पिछले साल सम्मेलन से शादी हुई थी।

स्वासा बुजुर्ग निवासी लक्ष्मीनारायण प्रजापति ने बताया कि उसके पुत्र देवेंद्र (26) की पिछले साल सुमेरपुर तपोभूमि में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में हुसैना निवासी कलावती से शादी हुई थी। होली पर उसकी पत्नी मायके गई हुई थी। बुधवार को छोटा पुत्र बीरू उसे मायके से लेकर आया था। उसके बाद इन दोनों के बीच क्या हुआ उसे नहीं पता। लेकिन शाम करीब पांच बजे पुत्र देवेंद्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ललपुरा थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक नशे का आदि था। वह कई बार जेल भी जा चुका है। परिजनों तहरीर में नशे के चलते फंदा लगा लेने की सूचना दी।मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### विवाहिता ने फांसी लगाई, जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस

**मऊ (चित्रकूट)।** एक विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। पाली (कौशांबी) निवासी भुल्ली प्रसाद पासी ने अपनी बेटी नीलम (25) की शादी 2018 में अहिरी निवासी उमाकांत पासी से की थी। दंपति के दो बच्चे हैं। बुधवार को उसने अपने ससुराल में फांसी लगाकर जान दे दी। उसका शव कमरे में फंदे से लटकता मिला तो रोनापीटना मच गया। पुलिस को सूचना दी गई। सीओ जयकरण सिंह ने बताया कि फिलहाल किसी ने तहरीर नहीं दी है। घटना की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आत्महत्या की वजह पता नहीं चल सकी है।

### दो आरोपियों पर लगाया मिनी गुंडा एक्ट

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल ने दो आरोपियों पर मिनी गुंडा एक्ट लगाया है। पुलिस ने गुंडागर्दी के आरोप में भारत पुत्र गौलाल और मुन्ना पुत्र चुनकू यादव निवासी हर्रा के विरुद्ध धारा 110 जी सीआरपीसी की कार्रवाई की है।

### आरोपी गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस बरामद

चित्रकूट। बहिलपुरवा थाने के एसआई नंदराम सिंह ने अमर सिंह आरख पुत्र स्व. दयाराम निवासी कर्का पड़रिया को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर थाने में आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस टीम में मुख्य आरक्षी अरविंद सिंह शामिल रहे।

### वांछित आरोपी को दबोचा

**मऊ (चित्रकूट)।** निरीक्षक अपराध अभयराज सिंह ने धारा 376 भा.द.वि. के मामले में वांछित अभियुक्त सुधीर द्विवेदी पुत्र संतदास निवासी खप्टिहा को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी विनोद कुमार शामिल रहे।

### भाजपा की नीतियों की आलोचना

**चित्रकूट।** ऑल इंडिया बैकवर्ड एसोसिएशन के प्रदेश सचिव विनय कुमार पाल एडवोकेट की अध्यक्षता में बीते दिन अखिल भारतीय गड़रिया (पाल) महासभा की बैठक हुई। इसमें भाजपा की नीतियों की आलोचना की गई। विनय कुमार ने कहा कि प्रदेश में बसपा ने गड़रिया समाज के हितों का ध्यान रखा था। पिछले विधानसभा चुनाव में टिकट देकर समाज का गौरव बढ़ाया। प्रदेश में इस समाज को सबसे ज्यादा टिकट बसपा ने ही दिए हैं। संविधान बचाना, लोकतंत्र बचाना और आम आदमी, किसान व छात्रों के हित में हम इंडिया गठबंधन के साथ हैं।

### आयकर विभाग का कंट्रोल रूम स्थापित

**चित्रकूट।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चंद्र निगम ने बताया कि आयकर विभाग ने चुनाव के मद्देनजर कंट्रोल रूम की स्थापना की है। इसका टोल फ्री नंबर 1800-180-7540 तथा व्हाट्सएप नंबर 6388736373 है। इन नंबरों पर निर्वाचन को प्रभावित करने के उद्देश्य के लिए प्रयुक्त नकदी एवं काले धन संबंधी शिकायत की जा सकती है। बताया कि इसके अतिरिक्त फैक्स नंबर-0522-2233306 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है और कोई भी सूचना दी जा सकती है।

### मतदाताओं को किया जागरूक

**चित्रकूट।** मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी के लिए प्रशासन के प्रयास जारी हैं। उप जिलाधिकारी सौरव यादव ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम नोडल अधिकारी अतुलदत्त तिवारी खंड शिक्षाधिकारी नगर क्षेत्र के साथ कंपोजिट विद्यालय लोढ़वारा और नई दुनिया में मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, आशा आदि मौजूद रहीं।

# चचेरे भाइयों में चटकीं लाठियां, छह घायल

संवाददाता,मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के छिमौली में पुरानी रंजिश में चचेरे भाइयों के बीच जमकर लाठियां चटकी। वहीं फेंके गए पत्थर व धारदार हथियारों का प्रयोग होने का आरोप लगा। दोनों पक्ष के छह लोग अधिक घायल हुए। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिमौली निवासी राजेश पुत्र धनीराम ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि होली के दिन पुरानी रंजिश के चलते संतोष आचार्य, मीलू, बरदानी और करन ने लाठी डंडे कुल्हाड़ी लेकर हमला कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मीलू निषाद ने बताया कि वह मौके पर गए थे, लेकिन गांवदारी के चलते उसका नाम भी लिखवा दिया गया है।

# अंतिम चरण में कॉपियों के मूल्यांकन का कार्य

संवाददाता,कार्यालय,चित्रकूट

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड अंतर्गत इंटरमीडिएट और हाईस्कूल की परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य अंतिम चरण पर है। 117372 कापियों में बुधवार तक 1,16,299 कापियां जंच चुकी थीं। सिर्फ 2073 कापियां बाकी हैं।

मूल्यांकन केंद्र चित्रकूट इंटर कालेज के उप नियंत्रक डा. रणवीर सिंह चौहान ने बताया कि केंद्र में अब तक हाईस्कूल की 66700 कापियां जांची जा चुकी हैं। इंटरमीडिएट की 49,599 कापियों का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल में 25 और इंटरमीडिएट में परीक्षकों की 40 टोली लगाई गई हैं। जिन विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो चुका है, उनके अवार्ड ब्लैंक (अंक सूची) परिषद कार्यालय को भेज दिए गए हैं। मूल्यांकन कार्य को व्यवस्थित ढंग से पूरा कराने में परीक्षा प्रभारी श्रीनिवास त्रिपाठी, ऋषि कुमार शुक्ला, सतीश रैकवार, डॉ. रमेश सिंह चंदेल. फूलचंद चंद्रवंशी. डॉ. आलोक शुक्ला, रामगोपाल दुबे, ज्ञानेंद्र चौधरी, रामबचन सिंह, विनय त्रिपाठी, रमेश कुमार, अजीत सोनकर, रमेश कुमार, पुष्पेंद्र, वीरेंद्र नाथ, तीरथ प्रसाद कुशवाहा, गौरी शुक्ला, जयप्रकाश, मनोज पांडेय, ललक यादव, प्रदीप शुक्ला, वीरेंद्र गर्ग आदि का सहयोग है।


सीआईसी में कॉपियां जांच रहे शिक्षक। अमृत विचार

- 1,16,299 कॉपियां जांचीं, 2013 अभी बाकी हैं

## सियासत

कई बार पार्टी लाइन से इतर हो जाती है भैरों प्रसाद की मुखरता, इसी से नुकसान की चर्चा

# मुद्दों पर खुलकर बोलना बना टिकट कटने का कारण

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** कहीं सामाजिक मुद्दों पर खुलकर बोलना तो भैरों प्रसाद को टिकट न मिलने का बड़ा कारण बन गया, राजनीतिक हल्कों में यह लाख टके का सवाल है। उनके कट्टर समर्थक भी यही मानते हैं कि पार्टी लाइन से इतर मुखरता ने ही उनको नुकसान पहुंचा दिया।

भैरों प्रसाद जिले के ऐसे शायद एकमात्र नेता होंगे, जो किसी भी मुद्दे पर खुलकर बोलते हैं। कई बार तो उनका यह गुण अवगुण बन जाता है। कहते हैं कि राजनीति में तोल मोल के बोल। पर भैरों इस बात को नहीं मानते। कुछ महीने पहले भरतकूप में दो युवकों की सड़क हादसे में मौत के बाद भैरों का रौद्र रूप किसे नहीं याद होगा। वह अपनी ही पार्टी की सरकार में पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में पूरी रात जिला अस्पताल में धरने पर बैठे रहे। याद कीजिए, तब पार्टी का कोई दूसरा नेता या तो वहां पहुंचा नहीं था या फिर मुंह दिखाकर लौट गया था।



जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी से तो पूर्व सांसद के समर्थकों की मुहांचाही भी हुई थी। कुछ भी हो पर पार्टी के अंदरखाने के लोगों की मानें तो उनकी तथाकथित सत्ता व्यवस्था के खिलाफ इस बात की आलाकमान को पार्टी के जिले के बड़े नेताओं ने अपने हिसाब से रिपोर्ट दी थी। इसके बाद बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के दौरान चार मासूमों की मौत के मामले में कॉलेज के अध्यक्ष की हैसियत से भैरों प्रसाद के इस बयान ने कि किसने यहां आयोजन की अनुमति दी, इसका पता किया जाए ने भी उनकी ज्वलंत मुद्दों पर खुलकर बोलने की आदत की पुष्टि तो की पर शायद इसने भी उनको नुकसान पहुंचा दिया। यहां भी याद कीजिए कि इतना बड़ी घटना होने के बाद भी भाजपाइयों ने क्या लाइन अपनाई थी। सिर्फ भैरों प्रसाद मिश्र और इक्का दुक्का अन्य नेताओं को छोड़कर। हालांकि इस मानवीय मुद्दे को लेकर तमाम बड़े नेताओं की संवेदनहीनता की जमकर आलोचना भी हुई पर इससे फर्क क्या पड़ता है।

अपने ज्येष्ठ पुत्र की पीजीआई में दुखद मृत्यु के बाद भैरों के वहीं धरने पर बैठ जाने का माद्दा कितने नेताओं में होता है, तब जब अपनी पार्टी की सरकार हो। राजनीतिक हल्कों में तब यह बड़ी चर्चा का विषय बना था। अस्पताल के कई डॉक्टरों पर कार्रवाई हुई थी। हालांकि इससे कहीं न कहीं सरकारी व्यवस्था की किरकिरी तो हुई ही थी और सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश ने इसे ट्वीट कर सरकार की आलोचना भी की थी। राजनीति का गुणा भाग इससे अलग होता है। अपनी मुखरता की वजह से आज भैरों पार्टी में ही अलग-थलग स्थिति में हैं। वह भैरों, जो कभी जब भाजपा का जिले में अंकुर फूट रहा था, तब पार्टी का झंडा बुलंद किए रहते थे। पर आज पयस्वनी में काफी पानी बह चुका है। लोग बदल चुके हैं, मान्यताएं बदल चुकी हैं।

### जनता की नब्ज कौन पहचानता है

हालांकि चुनावी मौसम कब क्या करवट बदल ले, कहा नहीं जा सकता। जनता की नब्ज पहचानने का दावा करने वाले अच्छे-अच्छे धोखा खा जाते हैं। विधानसभा चुनाव में जब चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, जो सिटिंग एमएलए थे और राज्यमंत्री भी, को पार्टी ने फिर से टिकट दिया तो उनके समर्थक हर जगह दावा करते घूम रहे थे कि चंद्रिका फिर से लखनऊ पहुंचेंगे पर सपा के एक युवा अनिल प्रधान ने भारी मतों से उनको शिकस्त दी। औदहा में किसानों का नलकूप में बिजली कनेक्शन काटने का मुद्दा और एक ब्लाक स्तरीय चुनाव उस दौरान खूब चर्चा का विषय बना था।

# सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के डॉक्टरों ने बढ़ाया मान

## अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला

- टॉप सर्जिकल वीडियो अवॉर्ड से सम्मानित हुए चिकित्सक

संवाददाता,कार्यालय,चित्रकूट

**अमृत विचार।** सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के चिकित्सकों ने एक और उपलब्धि पाई है। कोलकाता में हुई राष्ट्रीय स्तर की नेत्र कार्यशाला में यहां के चिकित्सकों का सम्मान किया गया है।

जानकीकुंड स्थित इस अस्पताल में आंख से संबंधित सभी इलाज किए जाते हैं। बीते दिनों कोलकाता में हुए अंतर्राष्ट्रीय ऑल इंडिया आप्थलमो लॉजिकल सोसायटी के तत्वाधान में हुई नेत्र संबंधी कार्यशाला में यहां के रेटिना विशेषज्ञ वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक आलोक सेन, ग्लूकोमा संबंधी चिकित्सक राकेश शाक्य को टॉप सर्जिकल वीडियो अवार्ड से नवाजा गया। अखिल भारतीय नेत्र रोग सोसायटी का 82वां वार्षिक सम्मेलन बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर, कोलकाता में किया गया था। इसमें पांच दिन तक कार्यशाला आयोजित की गई। डा. जैन ने बताया कि इसमें लगभग 10000 नेत्र चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया। डा. सेन एवं डा. शाक्य ने कार्यशाला में सर्जिकल ट्रेनिंग दी।


कोलकाता में प्रशिक्षण देते जानकीकुंड अस्पताल के प्रशिक्षक (फाइल फोटो)।

## दो बाइकों की सीधी टक्कर, एक घायल

**मौदहा(हमीरपुर)।** होली की हुडदंग के बीच नशे के चलते दो बाइकों की सीधी टक्कर हो गई। जिसमें प्रशांत (23) पुत्र बाबूराम और सुनील (22) पुत्र अज्ञात निवासी न्यूरिया गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से प्रशांत को गंभीर चोंटो के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# डकैतों के खात्मे के बाद फरमान की गूंज से वीरान हुए बीहड़

## पाठा के बीहड़ों में दशकों तक प्रत्याशियों की किस्मत लिखते रहे हैं दस्यु दल

अमृत विचार विशेष

पवन तिवारी, बांदा






**अमृत विचार।** चुनावों में डकैतों के फरमानों के सहारे संसद और विधानसभा तक पहुंचने वाले सियासतदारों को अब जनता की चौखट पर नाक रगड़नी पड़ रही है। कभी चंबल घाटी के बाद बांदा-चित्रकूट क्षेत्र पाठा जंगल में भी दस्यु दलों का राजनीति में खासा दखल रहा है। चार दशकों से ज्यादा समय तक बांदा-चित्रकूट समेत सीमावर्ती मध्य प्रदेश के रीवा, सतना, पन्ना, छतरपुर और जबलपुर के क्षेत्रों में 20 हजार वर्ग किमी में फैली विधान सभाओं और लोकसभा क्षेत्रों की राजनीति डकैतों के फरमान से प्रभावित होती आई है। लोकसभा चुनावों में यह पहला मौका होगा, जब पाठा क्षेत्र के मतदाता दस्यु दलों के फरमान बगैर भयमुक्त होकर अपना सांसद चुनेंगे।

'मोहर लगाओ...पर, वरना गोली खाओ छाती पर', डकैतों का यह फरमान बांदा-चित्रकूट जनपदों समेत सीमावर्ती मध्य प्रदेश में चार दशक तक कमोवेश हर लोकसभा या विधानसभा चुनाव में जारी होता रहा है। पिछले चार दशक के लोकसभा या विधानसभा के चुनावों पर नजर दौड़ाएं तो पाएंगे कि बुंदेलखंड के बांदा-चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र के अलावा विधानसभा क्षेत्र नरैनी, बबेरू और कर्वी, मऊ-मानिकपुर के अलावा सीमावर्ती मध्य प्रदेश की तीन लोकसभा क्षेत्रों के मतदाता पुलिस मुठभेड़ में मारे जा चुके पाठा के बीहड़ कुख्यात दस्यु सरगना शिवकुमार उर्फ ददुआ और अंबिका पटेल उर्फ ठोकिया के फरमान पर वोट दिया करते थे।

इसी का नतीजा रहा है कि 2005 के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में दस्यु ददुआ का बेटा वीर सिंह निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष चुना गया था। जबकि दस्यु ठोकिया की एक चाची सरिता निर्विरोध कर्वी ब्लॉक प्रमुख, दूसरी चाची सविता जिला पंचायत सदस्य एवं तीसरी चाची ग्राम प्रधान चुनी गई थी। इतना ही नहीं, 2007 के विधानसभा चुनाव में ठोकिया की मां पियरिया देवी नरैनी विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के टिकट से चुनाव लड़ी। हालांकि वह तीन हजार वोट के मामूली अंतर से चुनाव हार गईं। पुलिस मुठभेड़ में मारे जा चुके पांच लाख रुपये का इनामी दस्यु सरगना अंबिका पटेल उर्फ ठोकिया ने मां के चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी थी। वर्ष 2007 के बाद पाठा में सक्रिय कुख्यात दस्यु दलों की उलटी गिनती शुरू हो गई।

नतीजे में पुलिस ने दस्यु सरगना ददुआ, ठोकिया, सुंदर पटेल उर्फ रागिया, स्वदेश पटेल उर्फ बलखड़िया, बबुली कोल, ललित पटेल, घनश्याम केवट उर्फ नान बाबू और गौरी यादव समेत तमाम डकैतों को मुठभेड़ में मार गिराया। पाठा क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि अब बीहड़ से दस्यु दलों के सफाये के बाद निष्पक्ष चुनाव होगा। मतदाता स्वविवेक से मतदान कर अपनी मर्जी से सांसद चुनेंगे।

### हर चुनाव में दिखा फरमान का असर

- अब भले ही डाकुओं के फरमान नही हैं, फिर भी फरमानों को याद करके पाठावासियों की रूह आज भी कांप जाती है। पाठा के बीहड़ों में डकैतों का यह फरमान चार दशक तक कमोवेश हर लोकसभा या विधानसभा चुनाव के साथ साथ पंचायत चुनावो में जारी होता रहा है। डाकुओं के फरमान की शुरूआत जातीय आधार पर पंचायत चुनाव में 1990 से शुरू हुई। उसके बाद इसका प्रभाव बढ़ कर विधानसभा और लोकसभा चुनाव तक आ पहुंचा। डकैतों के फरमान से ही मतदाता ग्राम प्रधान से लेकर विधायक और सांसद तक चुनते रहे हैं।

### दशकों तक डकैतों के इशारे पर लोग डालते थे वोट

- दस्यु सरगना शिवकुमार उर्फ ददुआ, अंबिका पटेल उर्फ ठोकिया, सुंदर पटेल उर्फ रागिया, स्वदेश पटेल उर्फ बलखड़िया, बबुली कोल, गया बाबा, राजा रगौली, सूरजभान, बुद्दा नाई, नथुवा, संतोषा यादव, धर्मा यादव, घनश्याम केवट उर्फ नान बाबू, चुनुवा कहार, कलुवा, हनुमान कुर्मी, मतोला, दिनेश कोल, राजू कोल, छोटा पटेल, गुड्डा पटेल, पप्पू यादव, संतू लोध, रंपा यादव जैसे खूंखार डकैत और उनके ज्यादातर सदस्य पुलिस मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं या आत्मसमर्पण कर सलाखों में कैद हैं। जातिगत आधार पर बने ये डकैत गिरोह दशकों से अपनी जातियों के बीच रोल मॉडल रहे हैं तो अगड़ी जातियों में दहशत का पर्याय। इनके फरमान पर डलने वाले वोट दशकों तक प्रत्याशियों की किस्मत लिखते आए हैं। पाठा के बीहड़ों में सक्रिय डकैतों के मारे जाने के बाद वोटों से दहशत का रिश्ता पूरे क्षेत्र में लगभग बेअसर हो चुका है।

### 400 गांवों में रहा है असर

- इतिहास पर नजर डाले तो बीहड़ के 400 गांव एक अरसे से दस्यु प्रभावित रहे हैं। ग्राम पंचायत चुनाव से लेकर लोकसभा चुनावों तक यहां खूंखार डाकुओं के फरमान पर मतदाता वोट डालने को विवश हुए हैं। बीहड़ की धरती गवाह है कि जिसने भी दस्यु सरगनाओं के फरमान को नहीं माना उसे परिणाम भुगतना पड़ा। बीते चार दशक के दौरान दर्जनों से अधिक कुख्यात डकैत या तो ढेर कर दिए गए या आत्मसमर्पण कर जेल पहुंच गए।

## एक नजर

### कई मोहल्लों की कल बाधित रहेगी जलापूर्ति

**बांदा :** शहर के इंदिरा नगर स्थित ओएचटी मरम्मत कार्य कराए जाने के चलते 29 मार्च (शुक्रवार) को शहर के तमाम मोहल्लों की जलापूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी। जल संस्थान के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि गुरुवार को इंदिरा नगर स्थित ओएचटी की मरम्मत का कार्य कराया जाना है। जिसके कारण शुक्रवार को इंदिरा नगर, जवाहर नगर, सर्वोदय नगर, शांति नगर, आवास विकास कालोनी, दीपशिखा कालोनी तथा आसपास के क्षेत्र की जलापूर्ति बाधित रहेगी।

### होली में गरीबों को बांटा मिठाई और गुलाल

**बांदा :** भूरागढ़ के समाजसेवी दंगल प्रमुख राहुल भैया ने होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया। उन्होंने अपने सभी मित्रों सहित गरीबों को उनकी होलिंके त्योहार पर मिठाई का डिब्बा और गुलाल देकर ढेर सारी शुभकामनाएं बधाइयां दी।

### बाइक की टक्कर से युवक की हुई मौत

**नरैनी :** दूध बेच कर अपने घर जा रहे बाइक सवार को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया।जिसकी मौके पर मौत हो गई । परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली नगर बांदा के मोहल्ला शंकर नगर निवासी लखना उर्फ लखन लाल ने गिरवा पुलिस को बताया है कि 26 मार्च को शाम साढ़े चार बजे उसका सगा भांजा कृष्णकांत उर्फ लाला साहू पुत्र राजाराम निवासी मनीपुर दूध बेचकर बाइक से अपने गांव मनीपुर जा रहा था तभी बड़ोखर पेट्रोल पंप के पास स्कार्पियो गाड़ी ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। जिसमे भांजे की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मामा की तहरीर पर गिरवा पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि चालक की तलाश की जा रही है।

# स्कार्पियो की टक्कर से दो भाइयों की मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा




- बदौसा थाना क्षेत्र के दतौरा मोड़ के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार।** होली के मौके पर बाजार से सामान खरीद कर बाइक से गांव जा रहे दो चचेरे भाईयो को तेज रफ्तार स्कार्पियो ने टक्कर मार दिया। दोनों की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके से भाग रहे स्कार्पियो चालक को ग्रामीणो ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फतेहगंज थाना क्षेत्र बघेलाबारी गांव के मजरा खेरिया निवासी बुद्वराज (17) पुत्र रामकृपाल छुलहा पुरवा निवासी अपने चचेरे भाई प्रभुदयाल (27) पुत्र शिवप्रसाद के साथ होली का सामान खरीदकर मंगलवार की शाम बाइक से घर लौट रहे थे। तभी दतौरा मोड़ के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने टक्कर मार दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। घायलों को सीएचसी अतर्रा से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही दोनों ने दम तोड़ दिया। परिजनों के मुताबिक बुद्धराज और प्रभुदयाल हैदराबाद की लोहा फैक्ट्री में काम करते थे। होली पर दोनों एक साथ गांव आए थे। 25 दिनों पहले ही प्रभुदयाल की शादी हुई थी।

### बाइक की टक्कर से मजदूर ने दम तोड़ा

**बांदा :** बिसंडा थाना क्षेत्र के कोर्रा खुर्द गांव निवासी रामफल (45) पुत्र सुखदेव मंगलवार की शाम गांव में ही अपने खेत मलिक के निमार्णाधीन मकान में मजदूरी कर रहा था। मसाला बनाते समय सामने से आ रही बाइक ने रामफल और एक अन्य महिला मजदूर को टक्कर मार दी। दोनों घायल हो गए। जिला अस्पताल में उपचार से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक किसानी करता था।

# 18 महीने में आठ बार मुख्तार को हुई सजा

कार्यालय संवाददाता ,बांदा

- फर्जी लाइसेंस मामले में इसी महीने मुख्तार को हुई है आजीवन कैद
- यूपी से लेकर दिल्ली तक गैंगस्टर के खिलाफ दर्ज हैं 65 मुकदमे

**अमृत विचारः** गैंगेस्टर मुख्तार अंसारी इन दिनों चित्रकूटधाम मंडल मुख्यालय की बांदा जेल में बंद है। मुख्तार को 18 महीने में आठ बार सजा सुनाई जा चुकी है। फर्जी आर्म्स लाइसेंस मामले इसी महीने मुख्तार को उम्रकैद की सजा सुनाई जा चुकी है। यूपी से लेकर दिल्ली तक मुख्तार अंसारी के खिलाफ 65 मुकदमे दर्ज हैं।

गाजीपुर से सांसद और मुख्तार के भाई अफजाल को भी गैंगेस्टर मामले में सजा सुनाई जा चुकी है, जिसके बाद उनकी संसद सदस्यता भी चली गई थी, लेकिन बाद में कोर्ट से राहत मिलने के बाद संसद सदस्यता बहाल हुई थी। गैंगेस्टर मुख्तार अंसारी के खिलाफ करीब 65 केस दर्ज हैं, जिनमें वो सभी धाराएं शामिल हैं, जिन्हें संगीन माना जाता है। इनमें हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, धोखाधड़ी, गुंडा एक्ट, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, सीएलए एक्ट से लेकर एनएसए तक शामिल हैं।एक फर्जी आर्म्स एक्ट मामले में माफिया डान को उम्रकैद की सजा सुनाई जा चुकी है। वाराणसी की एमपी एमएलए कोर्ट ने 36 साल पुराने इस मामले में दोषी करार देते हुए उम्रकैद के साथ दो लाख रुपये का जुर्माना की सजा सुनाई थी।

### मुख्तार को कब-कब सुनाई गई सजा

- 21 सितंबर 2022 को जेल को धमकी देने के आरोप में सात वर्ष की सजा
- 23 सितंबर 2022 को गैंगेस्टर एक्ट में दो वर्ष की सजा
- 15 दिसंबर 2022 को गैंगेस्टर एक्ट में 10 वर्ष की सजा
- 25 फरवरी 2023 को आर्म्स एक्ट में 10 वर्ष की सजा
- 29 अप्रैल 2023 को कृष्णानंद राय हत्याकांड में 10 वर्ष की सजा
- 5 जून 2023 को अवधेश राय हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा
- 15 दिसंबर 2023 को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में पांच वर्ष की सजा
- 13 मार्च 2024 को फर्जी लाइसेंस मामले में आजीवन कारावास की सजा

# कबीर के भजनों के साथ फाग की रही धूम, झूमे लोग



भजन प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

संवाददाता, नरैनी, बांदा

**अमृत विचार :** सिद्ध कबीर आश्रम नौगवां में होली पर पारंपरिक चार दिवसीय संत सम्मेलन में ईश्वरी फाग के साथ कबीरी भजनों की धूम रही। भंडारा में आसपास क्षेत्र के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्रीय विधायक व ब्लाक प्रमुख ने समारोह में भागीदारी की।

साध्वी आनंद ज्योति (बांदा) ने होली खेल रहे गुरुदेव, अपने भक्त जनों के संग गीत प्रस्तुत तिया। बलराम मास्टर ने मिले बडी भागा, संत समाजा, रामस्वरूप राही ने जायेगा जब यहां से, कुछ भी ना साथ होगा। दो गज कफन का टुकड़ा तेरा लिबास होगा आदि कबीरी गायन सुनाया। अमित कुमार, अभिषेक कुमार ने होली गीत मोरी चुनरी में पड गयो दाग री, कैसो चटक रंग डारो। गीत पर मौजूद लोगों को होली के रंग में सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम मे विधायक ओममणी वर्मा और ब्लाक प्रमुख मनफूल पटेल सहित सैकड़ो की संख्या में कई गांवो के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजक आश्रम के महंत मोहनदास जी ने बड़ी संख्या में दूर-दूर के क्षेत्रों से आये संतों को अबीर गुलाल लगाकर एवं वस्त्र भेंट कर विदाई दी। ग्राम पंचायत नौगवां के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार शिवहरे द्वारा कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं संभाली गई। कार्यक्रम का संचालन भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सह संयोजक दयाराम रैकवार द्वारा किया गया।

# अवकाश के दिन भी खुलेंगे उपनिबंधक कार्यालय

**बांदा।** रजिस्ट्री कराने वालों के लिए बड़ी खुशखबरी है। चालू माह में सार्वजनिक अवकाश पर उप निबंधक कार्यालय खुले रहेंगे। इस बाबत जारी आदेश में बताया गया है कि जिले के सभी उप निबंधक दफ्तर 29 और 31 मार्च को अवकाश के दिन खुले रहेंगे। जिन्हे जमीनों की रजिस्ट्री आदि कराना है, वह इसका लाभ उठा सकते हैं। जनपद के सभी तहसीलों के उप निबंधक कार्यालयों में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को अवकाश नहीं दिया जाएगा।

सहायक महानिरीक्षक निबंधन प्रवींद्र सिंह सचान ने बताया कि पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग, अधीनस्थ पंजीयन कार्यालयों के माध्यम से, दस्तावेजों का पंजीयन, भारतीय स्टाम्प अधिनियम एवं पंजीयन अधिनियम के प्रावधानों के तहत करते हुए स्टाम्प और पंजीयन शुल्क के रूप में, राज्य शासन के लिए राजस्व अर्जन करने वाला एक महत्वपूर्ण विभाग है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतिम माह पूर्ण होनें में कुछ ही दिन बचे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के समापन में मात्र कुछ दिन अवशेष हैं। 29 (गुड फ्राइडे) व 31 मार्च (रविवार) को सार्वजनिक अवकाश के दिन समस्त उप निबंधक कार्यालय सामान्य कार्य दिवसों की भांति खोले जाएंगे और रजिस्ट्री का कार्य सामान्य कार्य दिवसों की भांति होगा।



कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। अमृत विचार

# कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- पीत वस्त्रधारी महिलाएं सिर पर लिए रहीं कलश

**अमृत विचारः** भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। बैंडबाजों पर बज रही धुनों से वातावरण भक्तिमय रहा। यात्रा के दौरान पीतांबर धारी महिलाएं मंगल कलश सिर पर धारण कर प्रभु का गुणगान करते नजर आईं। पहले दिन कथा व्यास ने श्रीमद्भागवत कथा का महत्व बताया।

अतर्रा चुंगी स्थित मैरिज हाउस परिसर में बुधवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इसके पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा ने शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया। मैरिज हाउस पहुंचकर कलश यात्रा का समापन हुआ। विधि-विधान के साथ वेदी पूजन किया गया। भव्य मंगल कलश यात्रा में शामिल पीतांबर धारी महिलाएं मंगल कलश सिर पर धारण कर प्रभु का गुणगान करते हुए चल रही थी।

कथा व्यास आनंद भूषण महराज (चित्रकूट) ने कहा कि श्रीमद्भागवत के अनुसरण से भक्त का कल्याण होता है। साथ ही जीवन में सुख व शांति का अनुभव होता है। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने का अवसर बड़े ही सौभाग्य से प्राप्त होता है। संसार में अधर्मियों का आतंक बढ़ने पर भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। भगवान की प्रत्येक लीला से मनुष्यों को सीख मिलती है।

इस मौके पर कथा परीक्षित सियादुलारी और उनके पति राम प्रकाश गुप्ता समेत सपा जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा, ईशान सिंह लवी, अमित सेठ भोलू, राजकुमार राज, योगगुरु प्रकाश साहू, पुरुषोत्तम गुप्ता, करन सिंह पंकज, रितेश त्रिपाठी, प्रिंस गुप्ता, राजन गुप्ता, जीतू गुप्ता, किशन गुप्ता, कपिल गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता, शिवांशु गुप्ता के साथ तमाम महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### कुलदीप निर्वाचित हुए आइमा के जिलाध्यक्ष



कुलदीप शुक्ला।

**बांदा :** आरटीआई एक्टविस्ट व समाजसेवी कुलदीप शुक्ला आल इंडिया मीडिया एसोसिएशन (आइमा) जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 44 वोटों से पराजित किया। उनके जिलाध्यक्ष निर्वाचित होने पर लोगों ने खुशी जताई है। जनपद में आइमा संगठन के कुल 145 सदस्य हैं। श्री शुक्ला संगठन में सोशल मीडिया एक्टविस्ट आजीवन सदस्य हैं। हाल ही में संगठन का जिला स्तर पर आनलाइन मतदान हुआ। चार दिनों पहले घोषित किए गए परिणाम में श्री शुक्ला 77 वोट पाकर जिलाध्यक्ष चुने गए। जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी को मात्र 33 वोट हासिल हुए। उन्होंने 44 वोटों जीत हासिल की। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ने कहा कि पत्रकारों को बीमा, पेंशन, चिकित्सा, आवास संबंधित योजनाओं को प्रमुखता से लागू कराना उनकी प्राथमिकता होगी। इसके अलावा किसी भी पत्रकार का बेवजह उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनके जिलाध्यक्ष चुने जाने पर समाजसेवियों ने खुशी जताई है।

### होली पर रही धूम, जमकर बरसा रंग और गुलाल

बदौसा : कस्बा व फतेहगंज थाना क्षेत्र में परम्पागत तरीक से होली का पर्व लोगों ने एक दूसरे रंग, अबीर व गुलाल लगा कर गले मिल फागों के बीच मनाया गया। बदौसा व फतेहगंज थाना क्षेत्र में होली का पर्व 24 मार्च को होलिका दहन के दूसरे दिन से प्रारम्भ हुआ जो आज तक चला। लोगों नें आबीर, गुलाल लगा कर एक दूसरे के गले मिल होली की मुबारकबाद दी। होरिहीरों की टीम फाग गाते हुए निकले, एक दूसरे के घरों पहुंच तिलक कर बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। युवा डीजे की धुन पर थिरके। पुलिस की चाक चैबंद सुरक्षा ब्यवस्था के तहत होली का पर्व शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ।

### तालाब में डूबा युवक, मौत

बांदा : थाना बदौसा क्षेत्र के पौहार गांव के मजरा जमुनिहा पुरवा निवासी राम सिंह उर्फ जनार्दन (27) पुत्र चुन्नू प्रसाद बागै नदी में बैल धोने के लिए गया था। इसी दौरान पैर फिसल जाने के कारण वह गहरे पानी में समा गया। जब काफी देर तक वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की। तालाब के पास उसकी चप्पल उतरी देखकर शक हुआ। किसी तरह पानी से उसे बाहर निकाला गया। जीवित होने की आशंका पर उसे सीएचसी अतर्रा लाया गया, वहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है।

### युवती से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

नरैनी : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक लड़की अपने पुराने घर से जानवरों के लिए भूसा लेने का रही थी। रास्ते में लवलेश पुत्र राजोला ने उससे छेड़छाड़ की। युवती के परिजनों को जानकारी हुई तो वह मौके पर पहुंच गए और आरोपी से विवाद हो गया। इस दौरान आरोपित के बडे.भाई रामकरण ने लाठी से वार कर दिया इससे युवती के स्वजन का सिर फट गया। युवती ने पुलिस को तहरीर दी है।

उल्लास — महेश्वरी देवी व महामाई मंदिर में भी हुआ कार्यक्रमों का आयोजन

# कायस्थ सभा ने चित्रगुप्त का पूजन कर मनाया भाई दूज का पर्व

कार्यालय संवाददाता, बांदा



हवन- पूजन करते कायस्थ सभा के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचारः** कायस्थ सभा के बैनर तले अलग-अलग स्थानों पर भगवान चित्रगुप्त का पूजन कर धूमधाम से दूज पूजन किया गया। विशेष पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरित किया गया। एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई।

कायस्थ सभा (चित्रगुप्त परिवार) के तत्वाधान में बुधवार को शहर के कटरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में दूज पूजन हुआ। इस मौके पर कायस्थ सभा पदाधिकारियों व सदस्यों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। सभा अध्यक्ष संतोष कुमार श्रीवास्तव ने भगवान चित्रगुप्त महाराज की विधिवत आरती उतारी गई और पूजन किया। इसके बाद महेश्वरी देवी मंदिर परिसर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में सभा महामंत्री पुष्पेंद्र श्रीवास्तव व रिसीवर योगेश कुमार की अगुवाई में भगवान चित्रगुप्त का पूजन किया गया। पूजन के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान जमकर अबीर-गुलाल उड़ा। इस मौके पर इंद्र कुमार श्रीवास्तव, उत्तम सक्सेना, रामप्रकाश खरे, सुरेंद्र निगम, हृदयेश निगम, अशोक श्रीवास्तव, मनोज निगम लाला, आलोक निगम, कुलदीप श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, श्याम श्रीवास्तव, अरुणेश श्रीवास्तव, अधिवक्ता संजय श्रीवास्तव, रजनीश मोहन श्रीवास्तव, सुरेश कुमार समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। उधर, मढ़िया नाका महामाई मंदिर परिसर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में दूज पूजन हुआ। इस मौके पर अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई। ठंडाई का दौर भी चला। इस मौके पर विजय निगम, नरेंद्र सक्सेना, संजय निगम अकेला, अमितेंद्र श्रीवास्तव, हर्ष श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, डीसी श्रीवास्तव, विमल निगम, आलोक निगम, नवीन निगम आदि उपस्थित रहे।

### होली मिलन समारोह में जमकर उड़ा अबीर-गुलाल

- जिला अपराध निरोधक समिति का होली मिलन समारोह संगठन के सिविल लाइन वन विभाग के पास स्थित जिला कार्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें सभी को अबीर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी गई। समिति के जिला कार्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह विद्यासागर द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी व प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में समिति के जिला सचिव एवं जेल पर्यवेक्षक व पूर्व डीआईजी एके त्रिपाठी, जगदीश प्रसाद तिवारी, अरविंद पांडेय एड. राजकिशोर शुक्ला, संतोष कुमार गुप्ता, बल्देव प्रसाद एवं अनेक सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सचिव वीपी पांडेय ने सभी को अपनी शुभकामनाएं देते हुए इस बात पर प्रसन्नता जताई कि पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा त्यौहार पर किए गए बेहतर सुरक्षा प्रबंधों के चलते होली का त्यौहार आपसी प्रेम सौहार्द के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हो गया।

### क्षत्रिय समाज का होली मिलन कल

**बांदा :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में 29 मार्च को होली मिलन समारोह मनाया जाएगा। महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष अजय सिंह गौर ने बताया कि परस्पर मिलन-सौहार्द का पर्व होली गुरुवार को तिंदवारी रोड में आयोजित किया गया है, जिसमें सभी सजातीय बंधुओं और अन्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। होली मिलन समारोह में गुलाल के साथ ही फूलों की होली खेली जाएगी।

# पंचायत सदस्य समेत दो ने ट्रेन से कटकर जान दी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** अलग-अलग घटनाओं में ग्राम पंचायत सदस्य समेत दो ने ट्रेन से कट कर जान दे दी।

बदौसा थाना क्षेत्र के कुम्हारन पुरवा निवासी लक्ष्मण (40) पुत्र सुदामा मंगलवार की बिना बताए घर से निकल आया। तुर्रा रेलवे फाटक के पास महाकौशल एक्सप्रेस से कट कर खुदकुशी कर लिया। ट्रेन गुजरने के बाद गेटमैन ने उसका शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे ले लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से निकले आधार कार्ड के जरिए ग्राम प्रधान को सूचना दी। प्रधान की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतक के भतीजे लक्ष्मीप्रसाद ने बताया कि लक्ष्मण ग्राम पंचायत सदस्य था। ई-रिक्शा चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसके कोई संतान नहीं थी। इसी से वह परेशान रहता था। इसी के चलते उसने ट्रेन से कट कर खुदकुशी कर लिया। एक अन्य घटना में कमासिन थाना क्षेत्र के भीती गांव निवासी रामशरण (60) पुत्र भूरा मंगलवार की सुबह बिना बताए घर से निकल आया। देर शाम तक उसके घर न पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। बुधवार को उसका शव कस्बे के कृष्णा नगर रेलवे लाइन पर क्षत-विक्षत हालत में पड़ा मिला। खोजबीन करते हुए मौके पर पहुंचे पुत्र अर्जुन ने शव की शिनाख्त की।




सुन्नी

इफ्तार (गुरुवार) 06:32 बजे | सहरी (शुक्रवार) 04:38 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### माता-पिता और पुत्री को लाठी-डंडों से पीटा

**महोबा।** ग्राम चिचारा में खेत की फसल काट रहे माता-पिता और पुत्री को पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने लाठी-डंडों से प्रहार कर घायल कर दिया। पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल पहुंचाकर मामले की जांच में जुट गई है। थाना खन्ना के ग्राम चिचारा निवासी गनपत (50) ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपनी पत्नी शांति (45) और पुत्री गीता (17) के साथ खेत में लगी फसल की कटाई कर रहे थे। तभी गांव के दबंग शराब के नशे में आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर पूरे परिवार को लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया और भाग गए। मारपीट से किसान के सिर पर गंभीर चोटे आईं हैं। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# होली के रंग में रंगे अधिकारी और कर्मचारी

## पुलिस लाइन में मनाया गया होली का त्योहार, युवा पुलिसकर्मियों ने डीजे की धुन पर किया जमकर नृत्य

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में बुधवार को भी लोगों ने जमकर होली खेली। युवाओं ने चौराहो और सड़कों पर एक-दूसरे को अबीर गुलाल से सराबोर कर दिया। पुलिस लाइन और अन्य स्थानों पर तैनात पुलिस कर्मचारियों ने एकजुट होकर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता की मौजूदगी में होली का आनंद लिया। इतना ही नहीं महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। एसपी के होने के कारण पुलिस अधिकारी भी पुलिस लाइन पहुंचे और रंग-गुलाल लगाकर सभी को होली की बधाई दी।

होलिका दहन के बाद तीसरे दिन हर साल पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा होली का आयोजन किया जाता है, जहां पर पुलिस कर्मचारी, अधिकारियों और साथियों के बीच होली का जश्न मनाते हैं। युवा पुलिस कर्मचारियों ने बुधवार को एक-दूसरे पर अबीर-गुलाल और रंग डालकर सभी को होली के रंग में रंग दिया। पुलिस कर्मचारियों ने जमकर डांस किया। होली गीतों की गूंज पर पुलिस कर्मी थिरकते दिखाई दिए, जबकि पुलिस अधिकारियों ने सादगी के साथ अबीर, गुलाल लगाकर होली का आनंद लिया।

शहर में आज भी युवाओं ने जगह जगह और चौराहो पर होली मनाई। इस मौके पर होरियारों ने होली पर्व के प्रति विशेष उत्साह दिखाई दिया। युवक होली मनाने के लिए दोस्तों के साथ अर्द्ध नग्न होकर होली मनाते दिखाई दिए और मोटरसाइकिलों में सारा दिन एक स्थान से दूसरे स्थान पर होली मनाने के लिए पहुंचे। घरों और दरवाजों पर महिलाओं ने भी होली का आनंद लिया। शहर में आज भी तमाम लोगों ने दुकान बंद कर होली के रंग में सराबोर दिखे।




एसपी के साथ होली खेलतीं महिलाएं व त्योहर की मस्ती में थिरकते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### गांवों में भी होली के जश्न में डूबे रहे युवा

**जैतपुर।** ग्रामीण अंचलों में भी होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। गांव-गांव युवाओं, बच्चों और बुजुर्ग होली के रंग में रंगे दिखाई दिए। ग्रामीण अंचलों में मटकी फोड़ प्रतियोगिता को देखने के लिए भारी भीड़ जुटी। कई गांव में ऊंचाई पर मटकी बांधकर उसे फोड़ने के लिए टोलियों को बुलाया गया। एक के ऊपर एक चढ़कर कई टोलियों के युवक मटकी फोड़ने का प्रयास करते रहे। बाद में अजनर गांव की टोली ने मटकी फोड़कर उसमें रखा ईनाम प्राप्त किया। होली में होरियारों की मस्ती देखते ही बन रही थी। रंग-गुलाल लगाकर मोहल्लों मोहल्लों और गांव-गांव में जाकर युवाओं ने होली पर्व मनाया। जैतपुर कस्बे में होरियारे उत्साह और उमंग से भरे दिखाई दिए। घुसियापुरा, खंदियापुरा, जमीदारी, बजरिया सहित कई मोहल्लों में लोगों ने दिन भर होली का आनंद लिया। पनवाड़ी, अजनर, श्रीनगर, कबरई, खरेला आदि कस्बों और ग्रामीण अंचलों में लोग होली के जश्न में डूबे दिखाई दिए। होली त्योहार के प्रति युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

# शिक्षित बेरोजगारों के लिए निःशुल्क कोर्स

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- सोच संस्था व मलक फाउंडेशन बुंदेलखंड के तत्वाधान में 1 अप्रैल से होगी शुरुआत

**अमृत विचार।** सोच संस्था एवं मलक फाउंडेशन बुंदेलखंड के तत्वावधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार मयस्सर कराए जाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनरल ड्यूटी असिस्टेंट कोर्स के तहत तीन माह का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित निःशुल्क सार्टिफेकेट कोर्स कराया जा रहा है। 1 अप्रैल से शिक्षित बेरोजगार झांसी चित्रकूट मंडल के तहसील स्तर पर संचालित प्रशिक्षण कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं।

सोच संस्था के निदेशक नसीर सिद्दीकी ने बताया कि बुंदेलखंड के अस्पताल आज भी प्रशिक्षित स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। दूसरी ओर ऐसे युवक, युवती जो महंगी फीस और जटिल प्रणाली के चलते डॉक्टर और नर्स जैसे कोर्स नहीं कर पाते, उनके लिए उनके ही शहर में निःशुल्क जीडीए कोर्स चलाया जा रहा है। बताया कि प्रशिक्षित स्टाफ के लिए रोजगार के अधिक अवसर प्राप्त हैं, प्रशिक्षणोंपरांत युवक, युवतियां किसी भी अस्पताल में आसानी से प्लेसमेंट पा जाते हैं और अपने पड़ोस में पार्टटाइम पेशेंट केयर कर चला सकते हैं।

उन्होंने जनरल ड्यूटी असिस्टेंट कोर्स की जानकारी देते हुए बताया कि यह एक स्वास्थ्य विभाग से संबन्धित सार्टिफेकेट कोर्स है, जो तीन माह का होता है। बताया कि प्रथम बैच अप्रैल माह से सितंबर तक और इसके बाद तीन-तीन माह के अंतराल में जनपदों के तहसील स्तर पर चलाया जाना है। यह कोर्स 1 अप्रैल से संचालित होगा, इसके लिए किसी भी विषय से 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है साथ ही अभ्यर्थी की आयु 18 से 27 वर्ष तक होनी चाहिए। प्रथम बैच में अधिकत 30 अभ्यर्थियों का प्रवेश लिया जाएगा, प्रतिदिन दो दो घंटे की थ्योरी और प्रैक्टिकल कराए जाएंगे।

# श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा, जगह-जगह स्वागत

संवाददाता जैतपुर, महोबा

**अमृत विचार।** श्रीमद् भागवत कथा के शुरू होने से पूर्व बुधवार को कस्बे में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा घोड़ों और डीजे के साथ प्रमुख मार्गो से निकाली गई। कलश यात्रा दौरान घोड़ों का नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। बग्घी पर सवार भागवत पुराण के साथ कथा वाचक विराजमान रहे। महिलाएं सिर पर कलश रखे हुए पीले वस्त्र धारण करके चल रहीं थी। महिलाओं में कलश यात्रा दौरान विशेष उत्साह दिखाई दिया।

कलश यात्रा भव्य तरीके से कस्बे के मुख्य बाजार पुलिया वाले हनुमान मंदिर से प्रारम्भ हुई, जो बस स्टैंड, ब्लाक तिराहा, मुख्य बाजार सहित विभिन्न चौराहों से होते हुए ब्यास पैलेस में पहुंचकर समाप्त हुई। कलश यात्रा में शामिल महिलाएं और युवतियां भजन गाते हुए चल रही थी। कथा के आयोजन गीता ब्यास, किशुननारायण ब्यास ने सभी को प्रसाद ग्रहण कराया। नौगांव के कथा वाचक परमानंद शास्त्री द्वारा 28 मार्च से कथा का रसपान कराया गया।

कथा वाचक ने भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि कोई भी कथा सुनने का फायदा तभी होता है जब हम उस कथा के रस को अपने जीवन में उतारेंगे और उसका स्मरण करेंगे। अन्यथा उस कथा का हमारे जीवन में कुछ महत्व नहीं रह जाता और वो बस एक मनोरंजन बनकर रह जाता है। और एक कानों से सुनकर बाद में दूसरे कानों से निकलने वाली बात हो जाती है।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

- नगर के मुख्य चौराहों से होती हुई कलश यात्रा एक पैलेस में हुई समाप्त

# मौखिक परीक्षा : छात्रा से पूछे आपत्तिजनक सवाल

महोबा कार्यालय

- आहत छात्रा ने कोतवाली चरखारी में दी तहरीर

**अमृत विचार।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखारी में संपन्न हुई राजनीति विज्ञान की मौखिक परीक्षा में परीक्षक द्वारा एक मुस्लिम छात्रा से आपत्तिजनक सवाल पूछे जाने पर साथ मे बैठे डिग्री कॉलेज चरखारी के दो प्रवक्ताओं ने विरोध किया। छात्रा ने कोतवाली चरखारी में प्रार्थना पत्र दिया है।

बताते चलें कि स्नातक तृतीय वर्ष के 5वें सेमिस्टर में राजनीति विज्ञान की मौखिक परीक्षा 20 मार्च को सम्पन्न करायी गयी जिसमें राजकीय एक महाविद्यालय के प्राचार्य परीक्षक बनाए गए थे। परीक्षा के दौरान मुस्लिम छात्रा से परीक्षक द्वारा दुर्भावनापूर्ण रवैया अपनाए जाने का आरोप छात्रा तस्लीमा ने लगाते हुए थाना चरखारी में प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें छात्रा का आरोप है कि परीक्षक दुर्भावनापूर्ण मानसिकता के साथ परीक्षा लेते रहे तथा आपत्तिजनक धार्मिक भावनाओं पर चोट करते रहे। छात्रा ने कहा उसे मौखिक परीक्षा में शून्य अंक दिए जाने की बात कहने से वह आहत है। इस बावत राजकीय महाविद्यालय चरखारी के प्राचार्य डॉ. आनन्द गोस्वामी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है तथा परीक्षा के दौरान दो प्रवक्ता डॉ.एन के सोनी तथा डॉ. दीपक सिंह मौजूद थे जहां उन्होंने कुछ आपत्तिजनक सवाल पूंछे जाने पर रोका भी था। उन्होंने बताया कि परीक्षक की मंशा भले ही जो हो लेकिन छात्रा की योग्यता के अनुसार सम्मानजनक अंक उसे प्रदान किए गए हैं। उन्होनें कहा कि परीक्षक कोई भी हो लेकिन संस्था के प्रमुख होने के नाते छात्र हित देखना उनकी डयूटी है।

# भाइयों के लिए मांगी लंबी उम्र

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में बुधवार को भाई-बहन के प्यार का प्रतीक भाई दूज का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों को तिलक कर मिठाई खिलाने के साथ ही उनकी दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने बहनों को उपहार देकर आजीवन रक्षा करने का वचन भी लिया। भाईदूज के मौके पर बहनों को भाइयों के आने का बेसब्री से इंतजार रहा। भाइयों के घर आते ही पहले से तैयारी कर भाईयों के इंतजार में बैठी बहनों ने उनका तिलक कर खुशियां मनाई। भाईदूज पर महिलाओं ने घर के दरवाजों और आंगन में दोज की पूजा की।

होली पर्व के अंतिम दिन भाई दूज पर बहनों ने रोली चावल से भाइयों के माथे पर तिलक कर मिठाई खिलाकर उनके यशस्वी और दीर्घ जीवन की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों को यथा शक्ति दान दक्षिणा भेंट कर उनके सुखी जीवन की प्रार्थना की। भाई दूज पर्व के चलते दिन भर शहर में चहल-पहल रही। तमाम भाई अपनी बहनों की ससुराल पहुंचे और भाई दूज त्योहार को मनाया। वहीं बहनें ससुराल में थीं वह भी सुबह तैयार होने के बाद लंबा सफर तय करके भाइयों के घर पहुंचीं। मान्यता है कि बहनें, भाई को तिलक करके उसे नर्क से बचाती हैं।



भाई दूज पर भाई का तिलक करती बहन। अमृत विचार

### दूर- दराज से बहनों के पास आए भाई

**जैतपुर।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का महत्वपूर्ण पर्व भाई दूज पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर तथा उनका मुंह मीठा करा कर लंबी उम्र की कामना की। बुधवार को कस्बा में भाई दूज का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। कहीं-कहीं पर दूर-दराज से आए भाइयों ने अपनी बहन के घर आकर माथे पर तिलक लगवाया तथा बहन को उपहार भेंट कर आशीर्वाद लिया। बहनों ने भी अपने भाइयों के अटूट प्रेम के रिश्ते को कायम रखने के लिए भाइयों के घर जाकर उनको तिलक लगाया। ईश्वर से उनकी दीर्घायु की कामना की।

# दो लोगों ने फांसी लगाकर दी जान, मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** जिले में दो अलग-अलग स्थान पर एक किसान समेत दो लोगों ने फांसी लगाकर जान दे दी। थाना खरेला के ग्राम पहरेथा में पति-पत्नी के बीच हुए झगड़े से आहत एक किसान ने घर पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उधर कोतवाली चरखारी के ग्राम गौर हरी में एक युवक ने फांसी लगा ली।

ग्राम पहाड़ी था निवासी बृजराज सिंह (42) पुत्र उत्तम सिंह कि इस साल भी मौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसल खराब हो गई थी जिससे ब्रजराज परेशान रहता था। पहले से टेंशन में चल रहे पति ने सामान लाने से मना कर दिया इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया विवाद बढ़ने पर परेशान पति ने घर पर कमरे के अंदर जाकर साड़ी से फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया।

पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतार कर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ग्रामीण की मौत से मृतक कि पत्नी को छोटे-छोटे बच्चों की परवरिश की चिंता सता रही है

उधर उधर कोतवाली चरखारी के ग्राम गौरहरी निवासी नबी वक्त 26 पुत्र रमजान ने परेशानी के चलते घर पर फांसी लगाकर जान दे दी।

# इफ्तार पार्टियों का सिलसिला तेज

कार्यालय, संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** मुकद्दस माह रमजान का एक पखवाड़ा निकल जाने के बाद इफ्तार पार्टियों का सिलसिला तेज हो गया है। एक के बाद एक मोहल्ले में इफ्तार का आयोजन कराया जा रहा है, जहां पर रोजेदार पहुंचकर इफ्तार पार्टी में शिरकत कर रहे हैं। इस साल रोजेदारों की संख्या बढ़ गई है, यही वजह है कि शाम होते ही मुस्लिम बाहुल इलाकों में रोजेदारों की भीड़ नजर आने लगी है। मस्जिदों के अलावा लोग घरों में इफ्तार करते हैं। शहर के मोहल्ला भीतरकोट में कंपट फैक्ट्री में, चौसियापुरा की मस्जिद, मछली वाले बाबा के मजार पर, शहर के मोहल्ला भटीपुरा में इफ्तार पार्टी कराई गई।

काजी-ए-शहर कारी सैयद आफाक हुसैन ने खिताब करते हुए कहा कि रोज़े के मायने सिर्फ यही नहीं है कि, इसमें सुबह से शाम तक भूखे-प्यासे रहो, बल्कि रोज़ा वो अमल है, जो रोज़दार को पूरी तरह से पाकीज़गी का रास्ता दिखाता है, रोजा इंसान को बुराइयों के रास्ते से हटाकर अच्छाई का रास्ता दिखाता है।रोजा सिर्फ न खाने या न पीने का ही नहीं होता, बल्कि रोज़ा शरीर के हर अंग का होता है। इसमें इंसान के दिमाग़ का भी रोज़ा होता है, ताकि इंसान के ख्याल रहे कि उसका रोज़ा है, तो उसे कुछ गलत बाते गुमान नहीं करनी। उसकी आंखों का भी रोज़ा है, ताकि उसे ये याद रहे कि इसी तरह आंख, कान, मुंह का भी रोज़ा होता है, ताकि वो किसी से भी कोई बुरे अल्फ़ाज न कहे।

उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर रमज़ान का मक़सद इंसान को बुराइयों के रास्ते से हटाकर अच्छाई के रास्ते पर लाना है। इसका मक़सद एक-दूसरे से मोहब्बत, प्रेम, भाईचारा और खुशियां बांटना है।



काजी-ए-शहर आफाक हुसैन।

- रोजा रोजेदार को पूरी तरह से पाकीजगी का दिखाता है रास्ता : कारी

# पांच जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

**महोबा।** चरखारी पुलिस टीम ने होली पर्व पर सार्वजनिक स्थान पर हार जीत की बाजी लगा रहे पांच जुआरियों को दबोच लिया। सभी को पुलिस चौकी सूपा लाया गया और अभियोग दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष चरखारी गणेश कुमार द्वारा गठित की गई टीम के उपनिरीक्षक राजेश कुमार व अन्य कांस्टेबलों ने ग्राम सूपा में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे गनपत अहिरवार, राकेश अहिरवार, योगेश अहिरवार, अनिल तिवारी, प्रदीप वर्मा को घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से मालफड़ और जामा तलाशी से 3270 रुपये व ताश के पत्ते बरामद हुए। पुलिस का कहना है कि जुआरियों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# दो आरोपी तमंचा सहित पुलिस के हत्थे चढ़े

**महोबा।** जिला पुलिस द्वारा अपराधियों और अराजकतत्वों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शहर कोतवाली और थाना श्रीनगर पुलिस की टीम ने अपने अपने क्षेत्र से दो लोगों को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली महोबा नरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई पुलिस टीम के उपनिरीक्षक सुजीत कुमार व उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार ओझा ने सिपाहियों के साथ मिलकर कोतवाली में पंजीकृत 504, 506, 323 सहित अन्य धारा के वांछित अभियुक्त आकाश सिंह (24) पुत्र राजीव सिंह निवासी नैनी प्रयागराज हाल मुकाम राठ चुंगी महोबा को जीआईसी के पास से हिरासत में लिया गया है। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद हुआ।

इसी प्रकार थानाध्यक्ष श्रीनगर अर्जुन सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक कन्हैयालाल के नेतृत्व में गठित की गई टीम ने देवसिंह राजपूत (41) पुत्र हनुमत सिंह राजपूत निवासी ग्राम भंडरा श्रीनगर को 315 बोर तमंचा व कारतूस सहित नहर के पास से गिरफ्तार किया है। दोनो अभियुक्तों के खिलाफ 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा गया है।

**अच्छी खबर**

## अमराई के लदे होने से झुक गई टहनियां, अभी तक बीमारियों का भी नहीं छाया प्रकोप

# इस बार आम लोगों को भी नसीब होगा फलों का राजा आम

नईमुर्रहमान, महोबा

**अमृत विचार।** फलों का राजा आम इस दफा आम आदमी तक पहुंच सकेगा। आम के पेड़ों में अभी तक की अमराई देखकर तो यही लगता है कि इस बार रिकार्ड तोड़ आम की पैदावार होगी। आम के पेड़ों में अच्छी बौर लदी देखकर आम किसान गदगद हैं। वहीं आम उत्पादक किसानों का कहना है कि यदि सबकुछ ठीक ठाक रहा तो आम समाएगा नहीं और गरीब वर्ग के लोग भी इस दफा आम का स्वाद ले सकेंगे। पिछली दफा आम की कम पैदावार होने के कारण सिर्फ खास लोगों तक आम पहुंच सका था। इस बार आम की अच्छी पैदावार को देखते हुए आम भी सस्ते दामों पर बिकेंगे। बाग मालिकों का कहना है कि इतनी अमराई 10 साल बाद पहली बार आई है। अगर फसल को नुकसान न पहुंचा तो आम बाजार में चारो तरफ नजर आएगा। आम की अधिक पैदावार होने से फलों की पैकिंग की समस्या भी खड़ी हो सकती है। पिछले साल इस साल के मुकाबले आम का कम उत्पादन होने के बाद भी पैकिंग की पेटियों की किल्लत आड़े आ गई थी।

बसंत की दस्तक के साथ ही जिस कदर आम के पेड़ों पर बौर (अमराई) आई है, उससे रिकार्ड तोड़ फसल का अंदाजा लगाया जा रहा है। अब हालत यह है कि पेड़ बौर का बोझ नहीं उठा पा रहे हैं। और तो और अमराई के आगे कुछ नहीं दिख रहा है। इसी के बोझ से पेड़ झुके जा रहे हैं। फल आने पर पेड़ों के लिए उनका वजन संभाल पाना मुश्किल हो जाएगा। जानकार बुर्जुग बताते हैं कि इतनी ज्यादा अमराई 90 के दशक की याद ताजा कर रही है। इस साल मौसम भी दया दृष्टि बनाए है। आम पर किसी भी तरह की बीमारी भी नजर नहीं आ रही है। आम के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि सबसे खतरनाक जाला इस बार फसल को नहीं छू सका है।

कृषि विज्ञान केंद्र बेलाताल के वैज्ञानिक ओमप्रकाश सोनकर का मानना है कि यदि आम की बौर के लिहाज से 60 फीसदी भी आम की फसल बच जाती है तो इतना आम खपना मुश्किल हो जाएगा। आम की पैदावार अच्छी होने से फलों का राजा आम इस बार 30 से 40 रुपये किलो बिकेगा। गौरतलब है कि पिछले सीजन में बौर काफी कम आई थी, जिससे उत्पादन भी सीमित हुआ था, जिसके चलते आम 60 से 70 रुपये किलो बिका था। इस दफा आम आदमी आम का स्वाद ले सकेगा।



आम के पेड़ों पर लदी अमराई। अमृत विचार

### गया देसी आम का जमाना

**महोबा।** अपनी खास खुशबू और सौंधेपन के जलवे बिखेरने वाला देसी आम अब गुजरे जमाने की बात हो गई है। बागों की अंधाधुंध कटान और संरक्षण में लापरवाही ने देसी आम की तमाम नस्लों को विलुप्त बना दिया है। यूं तो आम की तमाम किस्में हैं, लेकिन देसी आम चूसने का मजा ही कुछ और है, पर सरकारी उपेक्षा और गलत फैसलों के चलते देसी आम की कई प्रजातियां विलुप्त हो गईं। आम की फसल बढ़ाने, पेड़ों के संवर्द्धन तथा पुरानी प्रजातियों को बचाए रखने के सरकारी प्रयास नाकाफी लग रहे हैं। नतीजतन देसी आम के बाग या तो साफ हो चुके हैं या फिर साफ होने की कगार पर हैं। जिले में एक दशक पहले तक देसी आम के पेड़ों की भरमार थी, लेकिन 10 साल के अंदर शुरू हुई अंधाधुंध कटान से बीते वर्षों में इसकी गोला, करैला, भदैला, खदुआ, लंबुआ, सिंदूरी , चपटी प्रजातियां करीब-करीब खत्म हो गईं हैं। देसी आम को देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी खूब पसंद किया जाता था। इसकी बेलहा प्रजाति का फल को आधा किलो बजन तक का होता था, लेकिन अब नाम मात्र देसी आम के पेड़ रह गए हैं।

# दलों को दी व्यय लेखा की जानकारी

**लोकसभा चुनाव**

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** सामान्य लोकसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों द्वारा दाखिल किए जाने वाले व्यय लेखा के प्रयोग के लिए आवश्यक मदों की दरों की निर्धारण के संबंध में जनपद स्तर पर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के मध्य चुनाव को लेकर उपजिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में विचार-विमर्श किया गया। साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से इस बावत बातचीत भी की गई।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान विभिन्न दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए जाने वाले व्यय लेखा के प्रयोगार्थ आवश्यक मदों की दरों के निर्धारण के संबंध में जनपद स्तर पर दलों के प्रतिनिधियों से वार्ता की गई। जहां पर उन्हें व्यय लेखा-जोखा के बावत जानकारी दी गई। लगभग एक घंटे से ज्यादा चली बैठक में प्रतिनिधियों को लोकसभा चुनाव में किस तरह से लेखा-जोखा तैयार किया जाना है इस पर भी चर्चा की गई।

रिटर्निंग ऑफिसर 47-हमीरपुर द्वारा निर्धारित दरों की प्रति सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई तथा मदवार दरों को सभी दलों के संज्ञान में लाया गया तथा सर्वसम्मति से जनपद स्तर पर दरों के निर्धारण का आंशिक संशोधन करते हुए अंतिम रूप दिया गया। बैठक में बसपा के विजय बहादुर सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी, सपा जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव, भाजपा से सत्येंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद अधिकारी व प्रतिनिधि। अमृत विचार

- बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी और प्रतिनिधियों के बीच विचार-विमर्श

# दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में दबोचा

## पारा लदार गांव में आठ फरवरी को हुई थी वृद्ध भाई-बहन की हत्या

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- हत्याकांड के दो आरोपी पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार
- छानीखुर्द गांव के पास पुलिस के साथ हुई मुठभेड़

**अमृत विचार।** पिछले माह आठ लूट के इरादे से घर में घुसकर बहन भाई की हत्या के मामले में पुलिस ने तीसरे मुख्य आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। हत्याकांड के दो आरोपियों को पुलिस लूट के माल सहित गिरफ्तार कर चुकी है।

बिवांर थाना पुलिस की मंगलवार रात 25 हजार के इनामी बदमाश से मुठभेड़ हुई जिसमें इनामी बदमाश के पैर में गोली लगी जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से तमंचा बरामद किया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जनपद फतेहपुर के बकेवर थानाक्षेत्र निवासी राजेंद्र कुरील फरार था। आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ पिछले आठ फरवरी को पारा लदार गांव में लूट के दौरान वृद्ध सगे भाई-बहन की हत्या कर दी थी। पुलिस ने 14 फरवरी को हत्याकांड का खुलासा कर दो आरोपियों पूरन और हरिया को लूट के माल सहित गिरफ्तार कर लिया था। राजेंद्र पर 25 हजार का इनाम था। एसपी दीक्षा शर्मा ने बताया कि मंगलवार देर रात एसओजी टीम और बिवांर थाना पुलिस ने छानीखुर्द गांव के पास जब इसे पकड़ने की कोशिश की तो उसने फायर कर दिया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की तो इनामिया आरोपी राजेंद्र कुरील के दाहिने पैर में गोली लगी और वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी के पास से 15 हजार रुपये और तमंचा बरामद हुआ है।



मुठभेड़ में दबोचा गया दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी। अमृत विचार

## रिहायशी मकान में लगी आग, बकरियां जलीं

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के इचौली निवासी कृष्णा निषाद के जिगनौड़ा नई बस्ती में परिवार सहित रहता है। होली त्योहार मनाकर घर के सभी सदस्य सो गए। करीब एक बजे मोहल्ले के लोगों ने उसके मकान में आग देख शोर मचाया। गृहस्वामी कुछ समझ पाता तब तक़ उसकी छह बकरियां जलकर राख हो गई। मोहल्ले वालों ने किसी तरह आग बुझाई।

रात में ही प्रधान प्रतिनिधि गंगादीन वर्मा व सपा नेता विवेक पाल पहुंचे और पुलिस व लेखपाल को सूचित किया। राम औतार ने बताया कि उसका बेटा घर के पीछे बकरियों के बांधने व भूसा लकड़ी कंडा रखने के लिए कच्चा छप्पर बनाए था। वहां रात में कैसे आग लग गई जबकि वहां कोई बिजली का तार भी नहीं है।

इस आग से भूसा, लकड़ी, कंडा सहित छह बकरियां जल गईं। सूचना पर इचौली पुलिस चौकी प्रभारी रिंकू तिवारी, लेखपाल कैलाश साहू, पशु चिकित्सक राजेश पाल ने पहुंच कर बकरियों के शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

# शराब के ठेके खुलते ही कई स्थानों पर मारपीट

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- कई लोग हुए चुटहिल, विभिन्न अस्पतालों में कराया इलाज

**अमृत विचार।** पिछले रविवार रात होलिका दहन के बाद दो दिन शांतिपूर्वक तरीके से लोग रंगों में सराबोर होकर होली खेलते रहे, लेकिन जैसे ही दिन ढलने लगा तो शराब के ठेकों में भीड़ बढ़ी और इसी के साथ कई जगह इस रंगीन त्योहार को बदरंग करना शुरू कर दिया।

किसी ने पुरानी रंजिश निभाई तो किसी ने शराब के नशे में जमकर लाठी डंडे बरसाए। इतना ही नहीं कही कहीं छेड़खानी की घटनाएं भी सामने आई हैं। सबसे बड़ा विवाद खंडेह गांव में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर हुआ। जहां सात लोग घायल हुए हैं। इनमें चार लोगों को अधिक चोंटो के कारण प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल भेजा गया है। इनमें एक पक्ष के भूपत यादव व जितेंद्र यादव तथा संतोष आदि पर आरोप लगाया कि दरवाजे पर बैठे दूसरे पक्ष के भूपेंद्र तिवारी व उसके भाई आदर्श आदि पर लाठी डंडे व फरसे से हमला कर घायल कर दिया है। इनमें भूपेंद्र व उसके भाई आदर्श को सीएचसी से सदर अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं भूपत व जितेंद्र को भी चोंटे आईं हैं। इनका आरोप है कि भूपेंद्र आदि ने उन पर हमला कर मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर इचौली निवासी अजय कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शाम चार बजे वह परिवार के साथ होली खेल रहा था। तभी नशे में धुत्त अजय, अंकुश, सुरेश और मंगल गाली गलौज कर मारपीट चोंटे पहुंचाईं। बचाने आई मां कुसमा और भाई मोहित को भी आरोपियों ने जमकर पीटा। उधर बिंवार थानाक्षेत्र के ग्राम करगांव में नशे में धुत शिवकुमार, मलखान, उर्मिला पर अभिलाष, अरविंद, धर्मू, मालिक, अजय, मुन्ना और शिवलाल ने जमकर मारपीट की। जिससे उर्मिला, बच्चू और बचाने आए शिवकुमार को गंभीर चोंटें आईं हैं। वहीं क्षेत्र के भैंस्ता गांव निवासी रावेन्द्र ने पुलिस को सूचना दी है कि जिस समय वह अपनी पत्नी संजना को लेकर मौदहा आ रहा था तभी उसके घर के सामने आकाश, मनका, विशम्भर ने नशे की हालत में उसके और उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। जिससे दोनों को चोटें आईं हैं। पुलिस ने सभी घटनाओं की सूचना दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

# तीन स्थानों पर छेड़खानी की हुई घटनाएं, जांच

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर छेड़खानी और मारपीट की घटनाएं भी प्रकाश में आईं हैं। पुलिस ने तहरीर मिलते ही जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि मंगलवार की देर शाम वह अपने घर में अकेली थी। पति व बच्चे बाहर थे। तभी पड़ोसी तमंचा लहराते घर में घुस आया और अकेले देख अश्लीलता करने लगा। शोर शराबे के बीच अन्य लोगों के आने पर गाली गलौज व लात घूसों से मारपीट करने लगा।

इधर कस्बे के निकट बड़ी आबादी वाले गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर दी है कि पिछले 24 मार्च की शाम पांच बजे वह खेत की कटाई कर रही थी। कुछ दूर पर नाबालिग पुत्री खेत में काम कर रही थी। तभी आरोपी नरेश यादव लाठी लेकर आया और बेटी को घसीटकर ले जाने लगा। शोर करने पर पकड़े जाने के भय से उसने अपने साथी गोकुल व राहुल को भी बुला लिया और सभी लोगों ने पीड़िता को लाठी डंडे से पीट दिया।

उधर निकट के एक अन्य गांव के पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी कि जिस समय वह दुकान के सामने बैठा था। तभी गोपाली, तरुण, भिल्ला ने गाली गलौज कर हमलाकर दिया। बचाने आई उसकी बहन के साथ भी अश्लीलता कर मारपीट कर कपड़े फाड़ दिए। पीड़ित ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है।

# तेज रफ्तार दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- ससुराल से अपने साले के साथ मामा के घर जा रहा था युवक

**अमृत विचार।** मंगलवार की देर शाम राठ हमीरपुर मार्ग पर धनौरी गांव के पास तेज रफ्तार दो बाइकों के बीच भीषण भिड़ंत हो गई। एक बाइक में सवार एक युवक की मौत हो गया। बाइक पर बैठा उसका साथी घायल हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

जलालपुर थाने के ममना गांव निवासी सुनील पुत्र शिवराम मंगलवार की सुबह अपनी ससुराल मुस्करा थाने के गहरौली गांव गया था। शाम के समय अपने साले अंकित पुत्र हल्के प्रसाद के साथ बाइक से होली मनाने के लिए राठ कस्बे के पठानपुरा मोहल्ले में रहने वाले अपने मामा भजनलाल के यहां आ रहा था। कोतवाली क्षेत्र के धनौरी गांव के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक से उसकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। बाइक चला रहे सुनील की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं दूसरी बाइक पर सवार सुरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि सुनील मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। अपने पीछे पत्नी पूजा के अलावा दो वर्षीय इकलौते पुत्र आदित्य के अलावा अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। पुलिस का कहना था शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# बहनों ने की भाई के दीर्घायु की कामना

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** होली के पर्व के बाद बुधवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में भाई दूज मनाया गया। कुंवारी बहनों ने जहां घर पर ही भाई का तिलक कर उन्हें नारियल भेंट की। वहीं विवाहित बहने सुबह से ही मायके की ओर जाती दिखी। भाई भी बहनों से टीका करवाने उनके ससुराल पहुंचे।

होली पर्व के तीसरे दिन भाई-बहन के पवित्र प्रेम का पर्व भाई दूज मनाया जाता है। पर्व को लेकर सोमवार व मंगलवार को खाली रहने वाली सड़कें बुधवार को एक बार फिर से भीड़ से भरी रही। सुबह से ही कहीं बहनें भाई के पास पहुंचने को उतावली थी तो कहीं भाई बहन के पास टीका लगवाने पहुंचने को परेशान थे। इसी कारण सड़कों पर सुबह से ही भीड़ का माहौल दिखा। सुबह से ही बसें दौड़ती नजर आई। बस अड्डे पर भी भीड़ जुटी रही।



भैया दूज पर भाई को तिलक करती बहन। अमृत विचार

सुबह से ही यहां पर भीड़ जुटी रही। बाजारों में भी रही भीड़ भाई दूज पर जहां बहनों ने भाइयों का टीका किया वहीं उन्हें मिष्ठान भी खिलाए। इधर भाइयों ने भी बहनों को तोहफे दिए। इसके कारण बाजारों में भी भीड़ दिखी।

**राठ प्रतिनिधि** के अनुसार, कस्बे में सुबह घर के बाहर गोबर से विभिन्न आकृतियां बनाकर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। बहनों ने पूजा कर अपने भाईयों का रोली चंदन से टीका किया और उनकी लंबी उम्र की कामना की। दोपहर बाद पूरे उत्साह और जोश खरोश के साथ होली का रंग बरसना शुरू हुआ। सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को रंग से सराबोर किया गया। होली खेलने में महिलायें भी किसी से पीछे नहीं रही। जराखर गांव में लट्ठ मार होली का आयोजन हुआ।

## प्रतियोगिता के विवाद में दो पर मुकदमा

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे के दुग्ध डेयरी मार्ग में मटकी फोड़ प्रतियोगिता के दौरान हुए विवाद में दो सगे भाइयों के खिलाफ दलित उत्पीड़न एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमा दर्ज होते ही दोनों भाई भूमिगत हो गए हैं।

मंगलवार को देर शाम कस्बे के दुग्ध डेयरी मार्ग में मटकी फोड़ प्रतियोगिता के बाद कुछ युवकों में विवाद हो गया था। इसके बाद शराब के नशे में धुत होकर दो सगे भाई संतोष यादव, योगेंद्र यादव सुमित कुमार के घर जा धमके और गाली गलौज करके जमकर मारापीटा। सुमित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि दोनों भाईयों के खिलाफ दलित उत्पीड़न एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। मुकदमा दर्ज होते ही दोनों भाई भूमिगत हो गए हैं।



कुरारा सीएचसी का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ .गीतम सिंह। अमृत विचार

# सीएमओ ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**कुरारा।** स्थानीय सीएचसी का मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने औचक निरीक्षण कर उन्होंने लेबर रूम, जननी सुरक्षा वार्ड, रंगाई पुताई आदि का जायजा लिया। बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.गीतम सिंह ने कस्बे पहुंचकर सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने जननी सुरक्षा वार्ड, लेबर रूम, मिनी दवा स्टोर, वार्डो की रंगाई पुताई, कैम्पस, एक्सरे रूम आदि का निरीक्षण किया। जिसमें सब कुछ ठीक ठाक मिला। वही अस्पताल परिसर में बने पार्क में गंदगी देख सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक सुनील कुमार जायसवाल, डॉ.दीपक कुमार, डॉ.नेहा यादव, फार्मासिस्ट योगेंद्र यादव, आदित्य पांडेय आदि मौजूद रहे।

## घरेलू कलह में युवक ने फांसी लगा जान दी

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी शिवकुमार 35 पुत्र बालकिशन मंगलवार की शाम अपने घर के कमरे में लगे पर्दे के फंदे से फांसी लगा ली। परिजनों ने शिवकुमार को फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। मृतक के परिजनों ने बताया कि शिवकुमार राज मिस्त्री था। भवन निर्माण के कार्यों में मजदूरी आदि कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बताया जाता है कि मृतक शराब पीने का लती था। शराब पीने को लेकर घर में आए दिन विवाद होता रहता था। मृतक पीछे पत्नी राजकुमारी, मां धनवंती के अलावा 8 वर्षीय इकलौते पुत्र राजेंद्र तथा 14 वर्षीय पुत्री राधा को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। कोतवाल उमेश कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जायेगी।

# साथ जीने मरने की जिद पर अड़े प्रेमी युगल

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- रिश्ते की बुआ को भतीजे से हुआ प्यार

**अमृत विचार।** चार दिन पूर्व एक भतीजा अपनी रिश्ते की बुआ को लेकर लापता हो गया था। किशोरी के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी थी कि उनकी बेटी को डरा धमकाकर अपहरण किया गया है। उसने हत्या की आशंका जताई थी। उधर पुलिस की सक्रियता के बीच पिता सूरत (गुजरात) पहुंच गया और दोनों को शादी का झांसा देकर साथ ले आया। कोतवाली पुलिस को सौंपे गए दोनों प्रेमी युगल एक साथ रहने की जिद पर अड़े हैं।

कोतवाली क्षेत्र से बीते चार दिन पहले किशोरी लापता हो गई थी। उसके पिता ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि गांव निवासी अजय निषाद अपने तीन साथियों के साथ उनकी गैर मौजूदगी में डरा धमका कर बेटी का अपहरण कर ले गया। पिता ने यह भी बताया था कि वह जब लड़के के घर उलाहना देने गया तो उसे धमकी दी गई। 21 मार्च से लापता लड़की के पिता की तहरीर पर जब पुलिस सक्रिय हुई तो लड़के का पिता सूरत (गुजरात) पहुंच गया, उसे पता था कि अजय निषाद सूरत में काम करता है और वह वहां पहुंचेगा। अजय जैसे ही काम पर पहुंचा पिता ने उसे वहीं दबोच लिया और लड़की भी बरामद हो गई है। फिलहाल पिता ने लड़की सहित लड़के को मौदहा कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया है। बताया यह जा रहा है कि लड़की (बुआ) लड़के (भतीजे) के साथ ही रहने की ज़िद पर अड़ी है।

# हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें मतदान कर्मी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- हीट स्ट्रोक से बचाव को चुनाव आयोग ने जारी की एडवाइजरी
- सिर को ढकने के लिए सफेद सूती गमछा व छाता साथ रखें

**अमृत विचार।** गर्मियां शुरू हो गई है,ऐसे में अगर अगर जरा सी भी लापरवाही हुई तो हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन का खतरा गर्मी बढ़ जाता है। इस बीच चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 से पहले हीट वेव एडवाइजरी जारी की है। यह एडवाइजरी तब आई है जब भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की तरफ से कहा गया कि देश में इस साल गर्मी की शुरुआत बेहद गर्म हो सकती है।

मतदान दिवस 19 अप्रैल से प्रारंभ होकर 1 जून तक तय किए गए हैं। इन दिवसों पर भीषण गर्मी की सम्भावना है। पोलिंग पार्टी प्रस्थान एवं मतदान दिवसों पर सभी मतदान कार्मिक हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें एवं अपने साथ तेज धूप से बचाव हेतु छाता एवं सिर को ढकने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपड़ा रखें। पैरों में आरामदायक जूते या चप्पल पहने अपने साथ पीने योग्य शीतल जल का बोतल रखें, समय-समय पर आवश्यकतानुसार सादा जल, नींबू पानी या ओआरएस का प्रयोग कर अपने आपको तरोताजा रखें। तेज धूप से बचने के लिए टोपी, हैट, काला चश्मा, छाता आदि का प्रयोग करें। अत्यधिक चाय, कॉफी या कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक का सेवन न करें, इनसे शरीर में पानी की मात्रा कम होने की संभावना रहती है।बासी भोजन से बचें, हल्के एवं ताजे बने भोजन लें। प्रत्येक मतदान दल को फस्ट ऐड किट प्रदान की जाएगी, आवश्यकतानुसार उसमें उपलब्ध ओआरएस मतदान दल के कर्मियों अथवा जरूरतमंद मतदाताओं को मानक के अनुसार जल में घोलकर पिला दें। छाया की व्यवस्था इस प्रकार करें कि मतदेय स्थलों के ठीक सामने लगने वाली कतार छाया में ही स्थित हो। मतदान केन्द्र पर हर हाल में पेयजल की उपलब्धता रहे, यथासंभव कतारबद्ध वरिष्ठ नागरिकों, निःशक्तजनों आदि के लिए लगातार पानी पिलाने की व्यवस्था भी की जाए। मतदाताओं से अपेक्षा है कि मतदान दिवस को सुबह तेज धूप निकलने से पहले अधिक संख्या में मतदेय स्थलों पर कतारबद्ध होकर मतदान करें।

### लोकसभा क्षेत्र के जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक आज

**हमीरपुर।** उपजिला निर्वाचन अधिकारी विजय शंकर तिवारी ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में गुरुवार को 5 :30 से 7 :00 बजे तक लोकसभा क्षेत्र के मस्त जोनल/सेक्टर आफीसर बैठक होगी। वहीं शुक्रवार को अपराह्न 11 से 11 :30 बजे तक समस्त अध्यक्ष/मंत्री मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों व सायंकाल 5 :30 बजे से समस्त प्रभारी/सहायक प्रभारी अधिकारी लोक सभा सामान्य की बैठक डॉ .एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई है।

### डीएम व एसपी ने देखे अति संवेदनशील बूथ

**हमीरपुर।** बुधवार को दोपहर में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आला अफसरों के साथ सुमेरपुर क्षेत्र के अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बुधवार को दोपहर में जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने पुलिस अधीक्षक डा .दीक्षा शर्मा के साथ अति संवेदनशील मतदान केंद्र इंगोहटा के लक्ष्मी चंद्र पालीवाल इंटर कॉलेज के बूथों का निरीक्षण करके मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही कुरारा क्षेत्र के क्रिटिकल व वल्नरेबल मतदान केंद्र उच्च प्राथमिक विद्यालय पतारा, उच्च प्राथमिक विद्यालय बेरी कुरारा व प्राथमिक विद्यालय लहरा कुरारा का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदेय स्थलों पर बिजली, पानी, साफ सफाई, रैम्प आदि की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित को दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, सीओ सदर राजेश कमल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, बीएलओ, थानाध्यक्ष राकेश कुमार रहे।



अति संवेदनशील बूथ का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

**सियासत** — बारिश में कई गांवों का आवागमन बंद होने पर करते नाव से सफर

# बेतवा नदी पर पुल निर्माण बन सकता है चुनावी मुद्दा

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जनपद के कई गांवों में लोग नाव से दूसरे गांव तक पहुंचते हैं, बेरी गांव स्थित बेतवा नदी में पुल न होने से जान को जोखिम में डालकर नदी पार करने के लिए ग्रामीण मजबूर हैं। इस बार ग्रामीण इसे चुनावी मुद्दा बना सकते हैं।

कुरारा कस्बे से 15 किमी दूर स्थित बेरी गांव से निकली बेतवा नदी में जान जोखिम में डाल आवागमन करने के लिए ग्रामीण मजबूर हैं। हर बार जनप्रतिनिधियों द्वारा नदी के ऊपर पुल निर्माण करने का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन पुल निर्माण सिर्फ सपना बनकर रह गया है। बेरी गांव के पास से निकलने वाली बेतवा नदी के उस पार कुपरा गांव से राठ, सरीला, मुस्करा, बिवांर जाने के लिए सबसे सुगम सरल मुख्य रास्ता हैं। लेकिन पुल न होने के कारण मुख्यालय तक ही 30 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। वहीं मुख्यालय से राठ की दूरी 80 किमी है। वहीं कुपरा रास्ते से जाएं तो 50 किमी की दूरी तय करनी पड़ेगी। नदी में बाढ़ आने पर ग्रामीण पानी कम होने का इंतजार करते हैं। या फिर मजबूरी में ग्रामीण नाव का सहारा लेते लेते हैं।



बेतवा नदी पर बेरी गांव में नाव से उस पार जाते लोग। अमृत विचार



बेरी गांव की बाजार से खरीदारी के नाव ही सहारा है, बरसात के दिनों पैदल नदी के घाट तक आकर नाव से पार होना पड़ता है। कुपरा में इंटर तक स्कूल न होने से बच्चे बेरी गांव पढ़ाई करने जाते हैं।

–संदीप शर्मा, कुपरा



नदी में पुल निर्माण न होने से 45 किमी का चक्कर लगाना पड़ता है। चुनाव के समय सभी पार्टियों के नेता बड़े बड़े दावे कर जाते है, चुनाव संपन्न होने के बाद फिर कोई भी पार्टी ध्यान नहीं देती है।

–मुकेश पाल, बेरी



बेतवा नदी पर पुल निर्माण के लिए तमाम प्रयास हुए। राजनीतिक दलों के नेता इस बीहड़ी इलाके के विकास पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस बार लोकसभा चुनाव में इसे चुनावी मुद्दा बनाने की सोच रहे हैं।

पवन शिवहरे बेरी



बेतवा नदी में बेरी गांव के निकट यदि पुल का निर्माण हो जाए तो यहां के लोगों को रोजगार में काफी सहुलियत मिल जाए। गांव के साथ क्षेत्र में विकास की रफ्तार तेज हो जाएगी।

–शिवबाबू

## चोरों ने तोड़े ताले, कुछ भी न मिला

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ले में चोरों ने एक घर का ताला तोड़ दिया। चोरों ने घर के अंदर बने तीन कमरों के ताले भी तोड़ दिए। बताया जाता है कि घर में नकदी या जेबरात न मिलने पर सामान फैला कर भाग खड़े हुए। मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।

सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी मैयादीन द्विवेदी का मकान है। इस मकान में चरखारी थाने के गोरखा गांव निवासी राममनोहर लोधी के पत्नी व बच्चें किराए से रहकर पढ़ाई करते हैं। अभी हाल ही में होली के त्योहर पर किराएदार ताला लगाकर गांव चले थे।

मंगलवार की रात चोरों ने कमरों का ताला तोड़ घर के अंदर घुस गए। कमरों में जेवरात या फिर नकदी न मिलने पर भाग खड़े हुए। पड़ोसियों ने जब घर का ताला टूटा देखा तो मकान मालिक को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर बैरंग लौट गई।




घटनास्थल पर चोरी की जांच करती कोतवाली पुलिस। अमृत विचार

## हादसे के बाद रायफल से किया फायर

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** मंगलवार को देर शाम कस्बे के बांकी मार्ग में कांशीराम कॉलोनी के पास बाइक से दुर्घटना होने पर लोगों के अचानक घेर लेने से बाइक सवार युवकों ने रायफल से फायरिंग कर दी। पुलिस ने दोनों को शांति भंग में न्यायालय भेजा है।

बांकी गांव निवासी अरविंद सिंह गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार के साथ मंगलवार को बाइक लेकर किसी कार्य से कस्बे में आया था। देर शाम यह वापस बांकी लौट रहे थे, तभी कांशीराम कॉलोनी के समीप इनकी बाइक से किसी की टक्कर हो गई। टक्कर होने के बाद कांशीराम कॉलोनी के लोगों ने उनको घेर लिया। इससे अरविंद सिंह ने अपनी लाइसेंसी राइफल से फायर झोंक दिया। इससे भगदड़ मच गई। पुलिस ने अरविंद एवं धर्मेंद्र कुमार को शांतिभंग में न्यायालय भेजा है।



कंचनपुरवा में फूलों की होली खेलते भाजपा नेता व मोहल्लेवासी। अमृत विचार

# राधा-कृष्ण के साथ काली माता मंदिर में खेली गई फूलों की होली

## फूलों की होली में शामिल हुए सैकड़ों लोग, राधा- कृष्ण के स्वरूप रहे आकर्षण का केंद्र

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार :** शहर के कंचन पुरवा में स्थित काली माता मंदिर परिसर में होली पर्व के मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम मोहन धुरिया की ओर से फूलों की होली का आयोजन किया गया। इस दौरान राधा-कृष्ण के स्वरूपों के साथ भाजपा नेता समेत सैकड़ों की संख्या में मुहल्लेवासियों ने फूलों की होली खेली। होली पर्व से ओतप्रोत गीतों पर स्वरूपों के साथ ही लोगों ने भी ठुमके लगाए। इसके बाद प्रसाद का भी वितरण किया गया।

कंचन पुरवा स्थित काली माता मंदिर में प्रतिवर्ष फूलों की होली का विशाल आयोजन किया जाता है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्याममोहन धुरिया के द्वारा होने वाले इस आयोजन में मुहल्लेवासियों के साथ ही शहर के गणमान्य लोग भी शरीक होते हैं। होली पर्व पर फूलों की होली का आयोजन किया गया। इस दौरान मासूम बच्चों को राधा-कृष्ण की पोशाक में सजाया संवारा गया। आरती पूजन के साथ ही भारी मात्रा में फूलों के साथ भव्य होली खेली गई। माखनचोर और राधा के साथ फूलों की होली खेलकर लोगों ने पुण्य लाभ अर्जित किया। फूलों की होली का दृश्य देखकर मथुरा और बरसाने की झलक सामने आई। होली के दौरान मौजूद लोगों ने जहां राधे-राधे का जयकार लगाया, वहीं डीजे में बज रहे माखनचोर के भजनों पर लोग जमकर थिरके। रंग और गुलाल के बाद फूलों की होली खेलने का अपना अलग ही आनंद है।



फूलों की होली के बीच बैठे राधा-कृष्ण। अमृत विचार

● कंचन पुरवा स्थित मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने जमकर की मस्ती, लगाया जयकारा

मोहल्ले के सैकड़ों लोगों के साथ ही गणमान्य लोगों ने होली में प्रतिभाग किया। लोगों ने कहा कि कंचन पुरवा में आयोजित होने वाली फूलों की होली का उन्हें इंतजार रहता है, यह बहुत ही सराहनीय आयोजन है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याममोहन धुरिया, कुलदीप सिंह, विक्की बनिया, कुलदीप कुमार, हरीमोहन धुरिया उर्फ रोहित, चंदन धुरिया, योगेश उर्फ योगी धुरिया, आसिफ अली, नागेश्वर मिश्रा, मेवालाल, विवेकराज मिश्र, खुद्दू भइया, अंकित अगिनहोत्री समेत सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे।

# गायत्री परिवार ने खेली फूलों की होली

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के गायत्री परिवार में बुधवार को फूलों की होली खेली गई और फागों का शानदार कार्यक्रम के साथ होली मिलन का आयोजन हुआ। वहीं मंगलवार को देर शाम तक मंगी पुरवा शंकर धाम में भी फूलों की होली के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कस्बे के थाना चौराहा, नेशनल चौराहा, मथुरा मंदिर, केवटराज, अरतरा तिराहा तहसील रोड सहित 7 स्थान पर उत्साही युवाओं ने रंगों की होली खेलते हुए 25 से 35 फीट ऊंचाई पर लगी भढ़िया फोढ़ी गयी। मथुरा मंदिर के निकट व नेशनल चौराहा आदि कई स्थानों की बढ़िया गोविन्दा पार्टी के युवकों ने एक के ऊपर एक ने सीढ़ी बना चढ़ फोड़ी। मिठाई व ईनाम पाए। वहीं आज युवा टोलियां जुलूस बना होली के रंग में झूमते रहे। उधर कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर में संघ के जिला प्रचारक व अन्य पदाधिकारी ने जिम्मेदार स्वयं सेवकों से होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर एक दूसरे को अबीर, लगाकर उत्साह के साथ होली मिलन का यह पर्व आयोजित किया गया।



राधा– कृष्ण के साथ फूलों की होली खेलते गायत्री परिवार के लोग। अमृत विचार



राधा – कृष्ण की झांकी पर बरसाये गए पुष्प। अमृत विचार



मौदहा में मटकी फोड़ कार्यक्रम में भाग लेते युवा। अमृत विचार

## सेल्समैन और उसके पुत्र पर पेट्रोल डालने का लगाया आरोप

**मौदहा (हमीरपुर)।** मंगलवार की शाम शराब ठेके के सेल्समैन से हुई मारपीट हो गई। इस मामले में दंपत्ति ने पिता पुत्र पर पेट्रोल डालकर जलाने के प्रयास का आरोप लगाया है।

बिंवार थानाक्षेत्र के ग्राम मसगवां निवासी जनकदुलारी और उसके पति पप्पू कुशवाहा ने बताया कि शराब ठेका के सेल्समैन और उसके पुत्र ने उनके साथ मारपीट की और आग लगाने के उद्देश्य से दोनों के ऊपर पेट्रोल डाल दिया। मारपीट में दोनों को गंभीर चोंटे आईं हैं। फिलहाल बिंवार पुलिस ने ऐसे किसी मामले की जानकारी से इनकार किया है।

# एनएसएस के छात्रों ने जागरुकता रैली निकाली, बताए नियम

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** श्रीराम कृष्ण परास्नातक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों का विशेष शिविर हुआ। मुख्य अतिथि उप प्राचार्य अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा से संबंधित रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम कंचन लाल सगुणा इंटर कॉलेज में संपन्न कराया गया। जिसमें एनएसएस के बच्चों को संदेश दिया कि जीवन अनमोल है इसे व्यर्थ न गंवाएं। समय के साथ हेलमेट एवं सीट बेल्ट का जरूर प्रयोग करें। वाहन चलाते समय जेब्रा लाइन व जीव जन्तुओं का विशेष ध्यान दिया जाए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रजनी व डॉ.अंजूलता श्रीवास्तव ने यातायात के नियमों की शपथ दिलाई। साथ ही सड़क सुरक्षा रैली आयोजित की गई। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा.हेमंत कुमार ने किया।




जागरुकता रैली निकालते एनएसएस के छात्र। अमृत विचार



ओवरब्रिज से लटका ट्राला व सर्विस रोड पर बिखरीं चोकर की बोरियां।

# रेलिंग तोड़कर लटका ट्राला

संवाददाता रनियां

● सर्विस रोड पर बिखरीं सैकड़ों चोकर की बोरियां, ओवरब्रिज पर हुआ हादसा

**अमृत विचार।** कस्बा के राजेंद्रा पुल के ऊपर ट्रक की टक्कर से अनियंत्रित होकर ट्राला ओवरब्रिज की रेलिंग तोड़कर सर्विस लेन की तरफ लटक गया। जिससे ट्राला में लोड चोकर की बोरियां सर्विस रोड में बिखर गई और आवागमन बाधित हो गया। पुलिस ने क्रेन व हाइड्रा से ट्राला को ब्रिज से निकलवाया। हादसे में चालक-परिचालक बाल-बाल बच गए।

पश्चिम बंगाल के जिला मालदा निवासी चालक भवतुस ट्राला में चोकर की बोरियां लादकर परिचालक उस्मान उलहक के साथ गुजरात जा रहा था। तभी बुधवार की सुबह रनियां कस्बा के राजेंद्र ओवरब्रिज पर कानपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने पीछे से ट्राला में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ट्राला अनियंत्रित होकर ओवरब्रिज की रेलिंग तोड़कर सर्विस रोड की तरफ लटक गया और ट्राला में लदी आठ सौ चोकर की बोरियां सर्विस की ओर गिर गईं। हादसे में हाईवे पर लगे दो स्ट्रीट लाइट के पोल भी टूट गए। तेज आवाज से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। वहीं सर्विस रोड से आने जाने वाले लोग भाग खड़े हुए। घटना की सूचना पर पहुंची रनियां पुलिस ने क्रेन व हाइड्रा से ट्राला को ब्रिज से निकलवाया। इस संबंध में थाना प्रभारी महेंद्र पटेल ने बताया कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। ट्राला व सड़क पर चोकर की बोरियां हटवाकर सर्विस रोड से आवागमन सुचारू करा दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### 29 व 31 को खुलेंगे उप निबंधक कार्यालय

**हमीरपुर।** सहायक महानिरीक्षक निबंधन ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि महानिरीक्षक निबंधन ने जनसामान्य को सूचित किया है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 के समापन में मात्र चार दिन शेष हैं। माह मार्च में 29 व 31 को सार्वजनिक अवकाश है। क्रमश: गुड फ्राइडे व रविवार को अवकाश के बावजूद जनपद में समस्त उपनिबंधक कार्यालय सामान्य कार्य दिवसों की भांति खोले जाएंगे और रजिस्ट्री का कार्य होगा। जनसामान्य से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में लंबित अविलेखों का पंजीकरण कराया जाए। जिससे जनहित सहित राजस्व वृद्धि भी हो सके। इस अवधि में अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर किसी भी अधिकारी / कर्मचारी को अवकाश अनुमन्य नहीं होगा।

### पड़ोसी ने मां-बेटे को पीटा

**बदौसा :** थाना क्षेत्र के बरछा ( ब ) गांव में पड़ोसी ने महिला व उसके बेटे को मारपीट कर जख्मी कर दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। बरछा गांव निवासी कमला पत्नी स्वामीदीन सोनकर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दिनेश सोनकर पुत्र राजाराम, प्रदीप कुमार सोनकर आदि ने घर में घुसकर मारपीट की। इस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए महिला व उसके बेटे को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

### देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बिलगांव :** चेकिंग के दौरान बिलगांव चौकी पुलिस ने अलग–अलग स्थानों से दो लोगों को देशी शराब के क्वार्टर समेत गिरफ्तार कर लिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के पुलिस चैकी बिलगांव उपनिरीक्षक पवन कुमार पांडेय बताया कि होली त्योहार के मौके में 25 मार्च को हमराही कांस्टेबल अरविंद, मनोज कुमार, कांस्टेबल श्रवण कुमार मुकेश के साथ गस्त के दौरान पाराबिहारी पल्हरी मार्ग तालाब के किनारे जाते समय रामबाबू पुत्र संपत किशोर निवासी बांधा पुरवा कोतवाली नगर के कब्जे से देसी शराब के 55 क्वार्टर जबकि देवी सिंह पुत्र रामदीन निवासी ग्राम अलिहा थाना बिसंडा के कब्जे से 22 देसी शराब के क्वाटर सहित गिरफ्तार कर लिया।

### पंचायत भवन से कंप्यूटर सहित अन्य सामान चोरी

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** ग्राम पंचायत धनपुरा में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़कर कंप्यूटर सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। चोरी करते चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। ग्राम प्रधान ने घटना की तहरीर पुलिस को सौंपी है। धनपुरा के प्रधान चंद्रपाल प्रजापति ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़कर कंप्यूटर, एलसीडी, इनवर्टर तथा कुर्सियां आदि चोरी कर ली है। चोर पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। प्रधान की सूचना पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की है।

# 40 रुपये तक महंगा होगा बारा टोल से सफर

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बारा टोल से होकर हाइवे पर सफर करने वालों को 31 मार्च की आधी रात से बढ़ने वाले टोल टैक्स से तगड़ा झटका लग सकता है। टोल से एक दिन में आवागमन करने वालों को दोनों तरफ से पांच रुपये से लेकर 40 रुपये तक अतिरिक्त देने होंगे। एनएचएआई द्वारा नोटिफिकेशन जारी होने के बाद टोल प्रबंधन ने तैयारियां शुरू कर दी है।

अकबरपुर क्षेत्र के बारा गांव के पास स्थित चकेरी-इटावा टोल प्लाजा से निकलने वाले वाहनों के टैक्स में इजाफा किया गया है। टोल से एक तरफ की यात्रा करने वाले वाहनों के लिए कम से कम पांच रुपये और अधिकतम 40 रुपये तक की बढ़ोत्तरी की गई है। बता दें कि अभी तक बारा टोल से एक तरफ की यात्रा के लिए कार, जीप, वैन समेत अन्य छोटे वाहनों को 175 टोल अदा करना होता है, लेकिन 31 मार्च की रात बारह बजे के बाद संशोधित दरें लागू होने पर छोटे वाहनों को एक तरफ यात्रा के लिए 180 रुपये चुकाने होंगे।

जबकि मासिक पास 5790 रुपये के स्थान पर 5935 रुपये देने होंगे। इसी तरह एलसीवी से एक तरफ के सफर के लिए 270 रुपये की जगह 280 रुपये, दोनों तरफ की यात्रा पर 410 रुपये के स्थान पर 420 रुपये तथा मासिक पास के लिए 9070 के स्थान पर 9300 रुपये देने होंगे। बस व ट्रक को एक तरफ के लिए 550 रुपये के बजाय 570 रुपये चुकाने होंगे। वापसी के लिए 835 के स्थान पर 855 रुपये टैक्स देना होगा। वहीं मासिक पास के लिए 18530 रुपये के बजाय 19005 रुपये चुकाने होंगे। वहीं थ्री एक्सल वाहनों को एक तरफ के लिए 625 रुपये, दोनों तरफ को 935 रुपये व मंथली पास 20770 रुपये देने होंगे।

चार से छह एक्सल वाहनों को एक तरफ के लिए 875 रुपये, दोनों तरफ के 1315 व मंथली पास के 29225 रुपये तथा ओवरसाइज वाहनों को एक तरफ के लिए 1110 रुपये, दोनों के लिए 1665 व मंथली पास 37050 रुपये देने होंगे।



बारा टोल प्लाजा। अमृत विचार

> ‘बारा टोल से वाहनों के आवागमन पर टैक्स की दरों में बढ़ोत्तरी की गई है, जो आगामी 31 मार्च की रात 12 :01 बजे से प्रभावी हो जाएंगी। इसकी तैयारियां की जा रही हैं।’
>
> –मनोज शर्मा ( डीजीएम बारा टोल प्लाजा )

उल्लास | कस्बे में सैकड़ों वर्षों से है ऐतिहासिक विजय ध्वज निकालने की परंपरा

# गरुड़ ध्वज शोभायात्रा में बरसे पुष्प, गूंजा जयघोष

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** होली पर्व के बाद दूज को कस्बे में विजय प्रतीक गरुड़ ध्वज शानो शौकत व गाजे बाजे के साथ निकाला गया। कस्बे में सैकड़ों वर्षों से प्राचीन ऐतिहासिक विजय ध्वज निकालने की परंपरा है। यह गौर वंश की विरासत है, इसका इतिहास पुराना है।

कस्बा निवासी बच्चा सिंह आदि ने बताया कि पुराने समय में हरेहटा गांव में जलसा हुआ करता था तथा विजय ध्वज को हमीरपुर यमुना नदी में नहलाने ले जाते थे। इसके बाद सिकरोढ़ी गांव जाने लगे, फिर बचरौली में झंडा नहलाने जाने के बाद वहां विरोध होने पर झगड़ा हो गया।

बताया कि कोडार्क देव के नाम पर कुरारा का नामकरण हुआ। कोडार्क देव के दो पुत्र हुए जिनमें एक महलदेव व दूसरे खान देव, इनके वंशज कस्बे में निवास करते हैं। वही लोग आज भी इस प्राचीन परंपरा को जीवंत किए हैं। रात्रि में रामलीला व नौटंकी के कार्यक्रम संपन्न होते हैं। कंडौर गांव निवासी डा.देवेंद्र सिंह गौर, पारा गांव निवासी रिशाल सिंह गौर आदि ने बताया कि यह ऐतिहासिक धरोहर है। जिसको सभी लोग जीवंत किए हुए है। इसी से जुड़ा कंडौर गांव की होली आठवें दिन मनाए जाने की परंपरा चली आ रही है।

विजय निशान गरुण ध्वज के निकाले जाने के दौरान ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल, टप्पू सिंह, सतपाल सिंह, गोबिंद सिंह, शिव मूरत सिंह, गोपाल जी पालीवाल, अनिल सेंगर, आदि मौजूद रहे। वही सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी योगेश तिवारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



विजय जुलूस में शामिल राधा– कृष्ण की झांकी। अमृत विचार



राम– लक्ष्मण की पालकी ले जाते ब्लाक प्रमुख व भाजपा नेता।



विजय जुलूस में शामिल कस्बे के लोग। अमृत विचार

# हत्याकांड में जवाब न देने पर डीएम–एसपी को रिमाइंडर

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने सात दिनों के अंदर तलब किया ब्योरा
- अकबरपुर क्षेत्र के पुर गांव में दलित व्यक्ति की जहर खिलाकर हत्या का मामला

**अमृत विचार।** अनुसूचित जाति के व्यक्ति की सुनियोजित हत्या में डीएम व एसपी द्वारा नोटिस का जवाब न देने पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने दूसरा रिमाइंडर भेजा है। आयोग ने निर्धारित बिंदुओं पर सात दिनों में डीएम-एसपी से आख्या तलब कर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

वादी के अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि अकबरपुर कोतवाली के ग्राम पुर गांव निवासी राजेश कुमार शंखवार ने अपने भाई बृजेश कुमार की गुलाब सिंह यादव द्वारा 28 जून 2020 को हत्या करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया था। पुलिस के रिपोर्ट दर्ज न करने पर कोर्ट के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। परीक्षण में मृतक की विसरा रिपोर्ट में जहर पाया गया था। जिसपर हत्या, एससीएसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उन्होंने बताया कि विवेचना में पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। विशेष न्यायाधीश एससीएसटी न्यायालय ने फाइनल रिपोर्ट को निरस्त कर दोबारा विवेचना के आदेश पारित किए थे। पुनः विवेचना के दौरान आरोपी द्वारा शत्र लाइसेंस का दुरुपयोग कर वादी व गवाहों को धमकाने की शिकायत राजेश कुमार ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग व उत्तर प्रदेश शासन से की थी। अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि फाइनल रिपोर्ट लगाने के बाद एफआर निरस्त कर कोर्ट के आदेश पर इस मुकदमे की पुनः विवेचना एएसपी कानपुर देहात द्वारा की जा रही है। वादी का आरोप है कि मामले में आरोपी गुलाब सिंह गवाहों को धमका रहा है। शिकायत के बाद आयोग के सहायक निदेशक गुलशन कुमार पहाड़िया ने बीती 6 मार्च को डीएम व एसपी को नोटिस भेजकर सात बिंदुओं पर कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की थी। लेकिन निर्धारित समयावधि बीतने के बावजूद आयोग को ब्योरा नहीं उपलब्ध कराया गया। जिसपर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सहायक निदेशक ने डीएम व एसपी को दोबारा रिमाइंडर भेजते हुए सात दिनों के अंदर एफआईआर, गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की संख्या, अब तक हुई कार्रवाई की रिपोर्ट, पीड़ित आश्रित को दी गई मुआवजे की धनराशि तारीख सहित अन्य ब्योरा मांगा है।

## एक नजर

### उपलब्ध करवाएं जानकारी

उरई (जालौन)। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने लोकसभा चुनाव में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों को डाक मतपत्र (पोस्टल बैलेट) के माध्यम से मतदान कराने के लिए जल्द ही सूचना उपलब्ध करवाए जाने के निर्देश दिए हैं। बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में निर्वाचन कार्य में लगे ऐसे अधिकारी, कर्मचारी जो जनपद में मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं, को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जानी है। जनपद जालौन के अन्तर्गत 45-जालौन (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का मतदान 20 मई को है।

### संचारी रोग की जानकारी दी

कालपी जालौन। नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी अभिनव कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। नगर पालिका सभागार में आयोजित बैठक में अधिशासी अधिकारी ने कहा कि संक्रमण लोगों को नियंत्रण करने के उद्देश्य से संचारी रोग का अभियान नगर के प्रत्येक मोहल्लों में एक अप्रैल से एक महीने के लिए चलाया जाएगा। 5 सफाई नायकों के नेतृत्व में टीमों के द्वारा तिथि वार स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

# रोडवेज की टक्कर से बिजली के 8 खंभे गिरे, आग से अफरा-तफरी

## 20 हजार से ज्यादा आबादी की बिजली गुल, कालपी बस स्टैंड के पास हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** रोडवेज बस की टक्कर से बिजली के 8 खंभे गिर गए। चालू लाइन के खंभे गिरने से आग लग गई और अफरा-तफरी मच गई। इससे 20 हजार आबादी की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। मामला उरई शहर के जनपद न्यायालय के सामने स्थित कालपी बस स्टैंड का है।



घटना के बाद रोका गया यातायात। अमृत विचार

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह 6 बजे कानपुर से झांसी जा रही कानपुर डिपो की रोडवेज बस को चालक बैक कर रहा था तभी बस बिजली के खंभे से टकरा गई और खंभा गिर गया, खंभे के गिरते ही बिजली लाइन से आग की लपट उटने लगी, जिससे घबराकर चालक ने तेजी से बस को आगे की ओर दौड़ाया, जिससे बिजली के 8 खंभे गिर गए। सुरक्षा ड्यूटी में तैनात सिपाहियों ने दौड़कर चालक को पकड़ा और उच्च अधिकारियों को जानकारी दी। इसपर सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी, शहर कोतवाल समेत बिजली विभाग के अधिकारी मौके में पहुंचे और बिजली आपूर्ति बंद कराई गई। इस दौरान सड़क को बंद कर दिया गया। सड़क पर गिरे खंभों को मशीनों से हटवाया गया, जिससे कालपी बस स्टैंड, शिवपुरी तथा बजरिया मोहल्ले की विद्युत आपूर्ति

- कानपुर डिपो की बस झांसी जा रही थी, बड़ा हादसा टला

ठप्प हो गई, गनीमत यह रही कि सुबह 6 बजे हादसा हुआ, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। बिजली विभाग के अवर अभियंता ने बताया कि 8 खंभे और तार टूटने से विभाग का लाखों का नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई राजकीय परिवहन निगम से की जाएगी, रोडवेज और चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। पुलिस ने चालक का लाइसेंस कब्जे में ले लिया है। अवर अभियंता ने बताया कि खंभे टूटने से करीब 20 हजार आबादी की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है, जिसके संचालन के लिए नए खंभे व तार मंगवाए गए हैं, जल्द ही बिजली की आपूर्ति शुरू करवाई जाएगी।

# सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहे मौरंग लदे ओवरलोड ट्रक और डंपर

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाने के साफ निर्देश दिए हैं लेकिन जालौन के परिवहन विभाग पर सीएम के निर्देशों का कोई असर होता नहीं दिख रहा है। जिले में सैकड़ों की संख्या में ओवरलोड ट्रक और डंपर सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं। इससे जिले की सड़कें ध्वस्त होती जा रहीं हैं। वहीं परिवहन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जानकर भी अनजान बने हुए हैं। कार्रवाई के नाम पर जिले का परिवहन विभाग तमाम दावे कर रहा है लेकिन जमीनी तौर पर टैम्पो, ऑटो का चालान कर विभागीय अधिकारी खानापूर्ति कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि जालौन में परिवहन विभाग और ओवरलोडिंग का गठजोड़ चल रहा है। मुख्यतः मौरंग लेकर चलने वाले ट्रक बाहुबली य सफेदपोशों से जुड़े होते हैं। इन पर प्रभावी अंकुश के लिए जिले में लंबे समय से प्रसाशन, परिवहन और पुलिस का कोई भी संयुक्त अभियान नहीं चला है। जिसकी बदौलत जिले के व बाहरी जनपदों के ट्रक मालिकों के हौसले भी बुलंद हैं। कालपी तहसील क्षेत्र से गुजरने वाले ज्यादातर ट्रक ओवरलोड होकर गुजर रहे हैं। जोकि सड़कों को ध्वस्त करते हुए जाते हैं। लेकिन जिले में इन पर लगाम लगाने वाला कोई नहीं है। इन ट्रकों को सुरक्षित जिले की सीमा से बाहर निकालने के लिए बकायदा एक सिंडिकेट काम कर रहा है। जो कि प्रत्येक ओवरलोड ट्रक से रुपये लेकर जिले की सीमा से बाहर सुरक्षित पहुंचाता है। जिले के परिवहन विभाग पर इस सिंडिकेट से गठजोड़ के आरोप भी लगते हैं। लेकिन परिवहन विभाग के अधिकारी ऐसे लोगों पर नकेल नहीं कस पा रहे। एआरटीओ राजेश कुमार ने बताया कि दो एआरटीओ और एक पीटीओ मिलाकर तीन दल कार्य कर रहे हैं। सड़कों पर जो भी ओवरलोड वाहन पाया जाता है उस पर कार्रवाई हो रही है।



मार्ग से गुजरते मौरंग लदे ओवरलोड डंपर। अमृत विचार

# मन से मैं माधुरी हो गई... बजी तालियां

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** जय मातेश्वरी समिति के तत्वावधान में समिति संरक्षक अवनीश चंद द्विवेदी की माता स्व. त्रिवेणी देवी तथा समिति के अध्यक्ष प्रदीप दीक्षित की बहन स्व. शशि प्रभात दुबे की स्मृति में स्थानीय माहिल तालाब पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष प्रदीप दीक्षित ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य राम प्रसाद द्विवेदी ने की। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री हरिओम उपाध्याय, डॉ. अंकुर शुक्ला, डॉ. अखंड प्रताप सिंह, संरक्षक बबलू महाराज, अविनेद्र सिंह जादौन, अशोक गुप्ता कोषाध्यक्ष बाबूराम, संयोजक वीरेंद्र तिवारी आदि ने मां सरस्वती का विधि विधान से पूजन किया। राजकीय मेडिकल कॉलेज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रशांत निरंजन का सभी ने शॉल उड़ाकर तथा सम्मान पत्र भेंटकर सम्मान किया। मुख्य अतिथि दीप राज गुर्जर ने कहा कि हमें समाज के अच्छे ईमानदार और निष्ठावान लोगों को सम्मानित करते रहना चाहिए। कवि सम्मेलन का शुभारंभ आगरा मां शारदा की वंदना से हुई। रुचि वाजपेई ने मन से मैं माधुरी हो गई, गीत पढ़कर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। अलीगढ़ से आए वेद प्रकाश मणि ने कुछ बिषधर भी पल रहे हैं अब मेरे देश में पढ़कर स्रोताओं को खूब हंसाया। बामोर से आए हरनाथ सिंह ने हास्य व्यंग पढ़कर श्रोताओं की खूब तालियां पाईं। माया सिंह माया ने हो नेह का गुलाल वफाओं का रंग हो गीत पढ़कर सब श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। यज्ञ त्रिपाठी अनिल शर्मा, प्रियंका शर्मा आदि मौजूद रहे।



सम्मान समारोह में सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

- कवि सम्मेलन के बाद हुआ सम्मान समारोह

# बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां, किया गया सम्मान

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** नगर के सदर बाजार में अखिल भारतीय पुरवार-पोरवाल महासभा के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर अबीर-गुलाल के साथ एक दूसरे को रंग लगाकर होली महोत्सव मनाया गया। वहीं नन्हे मुन्हे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

होली के महापर्व के अवसर पर अखिल भारतीय पुरवार-पोरवाल महासभा के द्वारा नगर के सदर बाजार में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान एक दूसरे पर हर्षोउल्लास के साथ अबीर-गुलाल लगाकर हर्षोल्लास के साथ होली महापर्व मनाया गया। नन्हे मुन्हे बच्चों ने सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को पुरवार-पोरवाल महासभा द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर व्यास गेस्ट हाउस के मालिक रविंद्र पुरवार ने सहयोग हेतु पुरवार-पोरवाल समाज के कार्यक्रमों हेतु आगामी 5 वर्षों के लिए अपना गेस्ट हाउस मुफ्त देने की घोषणा की। इस अवसर पर संगठन के राम प्रकाश पुरवार, रविंद्र पुरवार, पारस पुरवार, अशोक पुरवार, अर्पण पुरवार, चंद्रशेखर पुरवार, विशाल पोरवाल, अशोक पुरवार, चंद्रशेखर पुरवार, मुक्ता पुरवार, योग्यता पुरवार अनुपम पोरवाल व समाज के जयकांत पुरवार, शशि पुरवार, उमेश पुरवार, सर्वेश पुरवार, रमाशंकर पुरवार, अमित पोरवाल, विवेक पुरवार, अमित पुरवार, हर्षित पुरवार, अनुज पोरवाल, दीपा पुरवार, सरिता पुरवार, ममता पुरवार, मधु पुरवार, उषा पुरवार, रागिनी पुरवार, पूनम पुरवार, सारिका पोरवाल, पूनम पुरवार, नेहा पुरवार सहित सैकड़ों पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों ने भागीदारी की।



पोरवाल महासभा के होली मिलन समारोह में उमड़े लोग। अमृत विचार

## मनाया होली मिलन समारोह

माधौगढ़, जालौन। क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ के आवास पर पत्रकार पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के बीच होली मिलन समारोह हर्षोल्लास एवं धूमधाम से संपन्न हुआ जिसमें मिष्ठान, शीतल पेय ग्रहणोपरान्त पुष्प वर्षा कर रंग गुलाल लगा उपस्थित सभी एक दूसरे के गले मिले। क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ आवास पर क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई के द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में उप जिलाधिकारी माधौगढ़ विश्वेश्वर सिंह व तहसील क्षेत्र के समस्त पत्रकारो के बीच हर्ष व उल्लास के साथ होली मिलन समारोह संपन्न हुआ। क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई ने सभी का स्वागत करते हुए पत्रकारों एवं पुलिस के बीच के तालमेल की उपयोगिता पर चर्चा कर सदैव सहयोग की अपेक्षा की व किसी गलतफहमी के कारण उत्पन्न मतभेदों को बातचीत के साथ सुलझाने व आपसी सद्भाव बनाए रखने पर बल दिया। पत्रकारों की ओर से विजय द्विवेदी जगम्मनपुर ने पत्रकारों की तुलना दर्पण से करते हुए विचार व्यक्त किए। प्रिंस द्विवेदी माधौगढ़ ने तहसील गठन के बाद से प्रथम बार इस प्रकार आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम के लिए क्षेत्राधिकारी का आभार व्यक्त किया। अखिलेश कुमार सविता ने अपेक्षा की कि प्रथम बार आयोजित पुलिस, प्रशासन, पत्रकार के बीच होली मिलन समारोह की यह परंपरा व परस्पर सहयोग की भावना स्थाई बनी रहेगी। इस अवसर पर वेद प्रकाश याज्ञिक माधौगढ़, दीपक उदैनियां, जावेद खान सरावन महेंद्र गौतम माधौगढ़, संतोष याज्ञिक, मोनू शर्मा, देवेंद्र कुमार, विनोद कुशवाहा, अवधेश विश्वकर्मा, पवन याज्ञिक, श्वेता राजावत, दीक्षा राठौर, प्रद्युम्न द्विवेदी गणेशनगर, नीलेंद्र राजावत गोहन, सत्येंद्र कुमार जालौन, अनुज शर्मा, कुलदीप रामपुरा, अंकित दीक्षित माधौगढ़, सौरभ कुमार रामपुरा, प्रशांत भदौरिया, घनश्याम सेंगर, अनिरुद्ध कुशवाह, विशाल दुबे, दीपू शर्मा, रितिक कुमार, अनूप कुशवाहा, विपिन कुशवाहा गोहन, देवेंद्र सिंह भगवानपुर, भोला पाठक ईंटो, नीलकमल ईंटों, गोपाल दुबे ईटों, सुरेंद्र सिंह परिहार गोहन, विपिन कुशवाहा गोहन, अवधेश कुमार माधौगढ़ आदि मौजूद थे।

# खूब पसंद आ रहे हरिओम के गाने, बढ़ रहे हैं फॉलोवर

कार्यालय संवाददाता उरई, जालौन

**अमृत विचार।** जनपद के युवा गायक कलाकार अपनी कड़ी मेहनत से अपनी माटी का नाम रोशन कर रहे हैं। कोंच क्षेत्र के छोटे से गांव तीतरा खलीलपुर से ऐसी ही प्रतिभा देखने को मिली है, जिनका नाम हरिओम दादा है, उम्र 25 वर्ष है। हरिओम के गानों को यूट्यूब व इंस्टा पर लाखों लोगों ने सुना व देखा है। हाल ही में उनके कुछ गाने इंस्टाग्राम पर भी ट्रेंड कर रहे हैं, जिन पर हजारों लोगों ने रील बनाई है। ग्रामीण क्षेत्र ग्राम तीतरा खलीलपुर के हरिओम दादा ने बताया कि उन्हें बचपन से ही गाना गाने और बड़ा बिजनेसमैन बनने का शौक है। बताया कि शुरुआत में बहुत समस्याएं आईं पर हार नहीं मानी। कई दिनों तक मैं अपने स्टूडियो में बंद रहा हूं, और आज भी स्ट्रगल कर रहा हूं। हरिओम का कहना है कि उन्होंने इस म्यूजिक वीडियो प्रोडक्शन कंपनी की शुरुआत यहां पर इस वजह से की है क्योंकि वह अपने क्षेत्र को इस फील्ड में आगे बढ़ाना चाहते हैं और अपने यहां के युवाओं को काम देना चाहते हैं। तकि युवा एक्टर, सिंगर व डांसिंग में अपना भविष्य बना सकें। कंपनी का हेड ऑफिस उन्होंने अपने गांव तीतरा खलीलपुर में ही बनाया है और कई राज्यों में भी उनके स्टूडियो बन रहे हैं साथ ही वे रेस्टोरेंट भी गांव में चला रहे हैं। वह जालौन की प्रतिभा दिखाने के लिए एक वेब सीरीज भी बनाने वाले हैं। उनका एक म्यूजिक एल्बम भी आने वाला है जिसका नाम है यूपी के छोरे।



हरिओम।

# होली में दुश्मन भी दोस्त बन जाते हैं

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

- उरई में हुआ उपजा का होली मिलन समारोह
- कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे जनप्रतिनिधि और गणमान्य

**अमृत विचार।** उरई के जिला परिषद रोड पर स्थित एक पैलेस में उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। उपजा के जिलाध्यक्ष अचल शर्मा ने समाज के सभी वर्गों की हिस्सेदारी कराकर चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी थे, अध्यक्षता पत्रकार केपी सिंह ने की। राधा पैलेस में सैकड़ों की संख्या पधारे मेहमानों ने अंत तक वक्ताओं को सुना। प्रमुख वक्ताओं में वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी जय करन सिंह खरूसा ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे का है। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि होली का पर्व बुंदेलखंड के लिए बहुत ही महत्पूर्ण है होली की शुरुआत बुंदेलखंड से ही हुई है। कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि होली का त्योहार बहुत अहम माना जाता है इस पर्व पर आपसी दुश्मनी दोस्ती में तब्दील होती है। मुख्य अतिथि घनश्याम अनुरागी ने होली के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन पूर्व विधायक चरखारी कप्तान सिंह राजपूत समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव प्रदीप दीक्षित, पूजा पाल, शशि सोमेंद्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र शुक्ला, रेहान सिद्दीकी वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र त्रिपाठी, सुधीर त्रिपाठी। सफल कार्यक्रम के संचालन अशोक गुप्ता महावली ने किया। सफल कार्यक्रम के संयोजक अचल शर्मा ने सभी मेहमानों का आभार जताया।




उपजा के होली मिलन समारोह में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

# नगर में बंदरों का आतंक, विद्यार्थी राहगीर परेशान

कालपी (जालौन)। स्थानीय नगर में कटखने बंदरों ने उत्पात मचा रखा है। महिलाओं तथा नागरिक अपने ही घर से सुरक्षित नहीं है। महिलाएं व बच्चे छतों पर जाने से भी डरते हैं। बंदरों का झुंड अब तक सैकड़ों लोगों को जख्मी कर चुका है। नगर पालिका की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती संतोष गुप्ता को अपने निजी घर में निशाना बना कर काट काट कर जख्मी कर दिया। नागरिकों ने वन विभाग से बंदरों को पकड़वाने की मांग की है। नगर में बंदरों की अच्छी खासी संख्या बताई जाती है। बीती दोपहर को नगर पालिका पर कालपी की अध्यक्ष संतोष गुप्ता अपनी छत पर काम कर रही थी तभी उत्पत्ति बंधन ने सर के काट कर जख्मी कर दिया उनके पति भाजपा नेता नवीन गुप्ता के द्वारा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज कराया गया है।



परिवार सहित ज्ञापन देने जाती पीड़िता। अमृत विचार

# भू-माफिया पर लगाया जमीन हड़पने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** कस्बा के मालवीय नगर निवासी कुन्ती देवी पत्नी स्व. लालता प्रसाद ने बुधवार को परिवार के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर भू-माफिया द्वारा जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। बताया कि उसका पति लालता प्रसाद कृषि विभाग में चपरासी के पद पर तैनात थे। जिनकी मृत्यु हो गई। उनकी जगह पर मृतक आश्रित में मेरा पुत्र राघवेन्द्र कृषि विभाग में बाबू के पद पर तैनात हुआ था। जिसकी भी सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। अब मेरा कोई सहारा नहीं है। प्रार्थिनी का मौजा उरई अंदर नगर पालिका उरई के मोहल्ला सदनपुरी गाटा संख्या 1048 मिलजुमला गाटा संख्या 1045 रकबा 0.5180 हे. है जो रामकुण्ड के पास स्थित है। जिस पर दबंग भूमाफिया रईस खान पुत्र मोहम्मद सईद निवासी नीलबरी रामकुण्ड उरई तथा सट्टा माफिया माजिद खान सैय्यद रूफी पुत्र अख्तर निवासीगण बजरिया उरई ने जबरन दबंगई के बल पर प्रार्थिनी की जमीन पर मिट्टी भरा कर कब्जा करना चाहते हैं।

**जल संकट** बूंद-बूंद पानी के लिए लोग हो रहे परेशान, हैंडपंपों पर लग रही लाइनें

# गर्मी की दस्तक के साथ पानी की किल्लत

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** रामपुरा विकास खंड के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत जगम्मनपुर के बार्ड नम्बर-7 की दलित बस्ती में एक महीने से नालों की सप्लाई बंद कर दी गई है, इससे लगभग 200 घरों के लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। एक तरफ भाजपा सरकार घर-घर पानी पहुंचाने का संकल्प लिए है और दूसरी तरफ कुछ जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि सरकार की योजना को पलीता लगाने का काम करने में जुटे हुए हैं। इसका खमियाजा दलित बस्ती में रहने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है। लोग हैंडपंपों से पानी ला रहे हैं।

क्षेत्रिय लोगों ने अधिकारियों को भी समस्या के बारे अवगत करवाया इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। उक्त बस्ती में रहने वाले लोगों ने जिलाधिकारी से पानी की समस्या हल करवाये जाने की मांग की है।

**सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण, लगता है जाम: उरई।** शहर के शहीद भगतसिंह चौराहा से रीजेंसी होकर मौनी मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते पर सड़क के दोनों ओर फुटकर सब्जी विक्रेताओं ने दुकानें लगाकर जाम का लगा दिया है। इससे वहां से निकलने में परेशानी हो रही है। शहर के गण्यमान्य लोगों ने सड़क में फैले अतिक्रमण को हटाये जाने की मांग उठाई है। जिससे आम जनता को सड़क से निकलने में राहत मिल सके। बताते चलें कि शहीद भगतसिंह चौराहा के आगे से रीजेंसी होटल होकर राठरोड़ मौनी मंदिर को जाने वाली सड़क के दोनों ओर फुटकर सब्जी विक्रेताओं द्वारा अतिक्रमण कर लेने की बजह से आम रास्ते में जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़क जाम से मार्ग पर पैदल निकलना भी दूभर हो जाता है। उधर दोपहिया वाहनों एवं ई- रिक्शा आदि के निकलने से रोड पर घंटों जाम लग जाता है। शहरवासियों ने जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष से मांग की है कि सड़क के आसपास से अतिक्रमण हटवाया जाये जिससे आम जनता को निकलने में राहत मिल सके।



पानी की समस्या से परेशान लोग। अमृत विचार

- जगम्मनपुर के बार्ड नम्बर-7 की दलित बस्ती में है समस्या

# हिस्ट्रीशीटर पांच किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता उरई

- कोटरा थाने का टॉप टेन अपराधी है प्रशांत स्वामी, दर्ज हैं दर्जनों मामले

**अमृत विचार।** कोटरा थाना पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर व थाना के टॉप टेन अपराधी प्रशांत स्वामी पुत्र कमलापति स्वामी, निवासी मंडी बाजार कस्बा कोटरा को 5 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार प्रशांत स्वामी पर कुल 18 अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, उस पर तीन बार गुंडा एक्ट लग चुका है। लोकसभा चुनाव के चलते यह गिरफ्तारी अहम मानी जा रही है। थाना कोटरा से मिली जानकारी के अनुसार प्रशांत स्वामी का अपराधिक सफर वर्ष 2008 से शुरू हुआ और एक साल में तीन मुकदमे में जेल गया, और यूपी गुंडा एक्ट लगाया गया।

2009 में भी उस पर फिर से तीन मामले कोटरा थाना में दर्ज हुए। जमानत पर रिहा होने के बाद 2010 में तीन, 2013 में दो, वर्ष 2016 में एक, 2017 में एक, 2018 में एक तथा 2020 में एक मुकदमे में गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा था। 2024 का यह पहला मुकदमा है, जिसमें पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है।



पुलिस गिरफ्त में हिस्ट्रीशीटर प्रशांत।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

### सूचना

मैं रुक्मा देवी (Rukma Devi) अपने पुत्र शंकर सिंह के आर्मी नं.– 4205699W, ग्राम –मालाझूला हल्द्वानी पिथौरागढ़, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम रूक्मनी पानू (Rukmani Panoo) दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में रुक्मा देवी (Rukma Devi) दर्ज किया जाये।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे बड़े बेटे रामनाथ का चाल चलन व रवैया बहुत खराब है। उसकी संगति बुरे लोगों के साथ है इसलिए वह मेरे व परिवार के साथ दुर्व्यहार करता है। बड़े बेटे रामनाथ पुत्र राजकुमार से तंग आकर अपने चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। रामनाथ द्वारा किए गए किसी कृत्य व लेनदेन से मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **राजकुमार पुत्र रामतीरथ निवासी ग्राम भमैचा पोस्ट सिसवरिया थाना मोतीगंज गोंडा।**

### सूचना

सूचित हो कि मैं अपने बड़े बेटे नीरज कुमार का चरित्र व आचरण ठीक नहीं होने के कारण उसे अपनी सम्पूर्ण चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य से मुझे कोई वास्ता सरोकार नहीं है और न ही भविष्य में कभी होगा। **भारत लाल पुत्र चौहान निवासी– अहिनवार, राती, मोहनलालगंज, लखनऊ।**

### सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री अंजली वर्मा के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के अंकपत्र सह प्रमाण पत्र में मेरा नाम महेश प्रसाद वर्मा त्रुटिवश अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में सही नाम महेश प्रसाद है। अतः मेरी पुत्री के शैक्षिक अभिलेखों में मेरा सही नाम महेश प्रसाद अंकित किया जाये। **महेश प्रसाद पुत्र स्व0 नन्दलाल निवासी ग्राम रमवापुर, पो0 माधौगंज, तहसील बिलग्राम, जिला हरदोई, वर्तमान पता लक्ष्मी बिहार कालोनी, निकट गल्लामण्डी सरकुलर रोड, हरदोई।**

